हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 3 जून 2026

तापमान

अधिकतम 40.3 डिग्री

न्यूनतम 27.2 डिग्री



बिलासपुर तहसील से अफसर रहे नदारद, भटकते रहे लोग।



(बिलासपुर) प्रवेश प्रारंभ (बिलासपुर)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: लोधीपारा पुराना सरकंडा (कोनी रोड) बिलासपुर
मो. 9203905369, 9203914564, 9203914561

# सीमांकन जैसे काम के लिए एक-एक साल से भटक रहे लोग

## बेलगाम हुआ राजस्व विभाग, तानाशाही चरम पर

## किसी की नहीं सुन रहे पटवारी और राजस्व निरीक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीमांकन जैसे छोटे काम के लिए भी पक्षकारों को एक-एक साल से पटवारी और आरआई के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इतने इंतजार के बाद भी उन्हें केवल पेशी ही दी जा रही है। तहसीलदार द्वारा सीमांकन का आदेश जारी करने के बाद पटवारी और आरआई सीमांकन करने मौके पर ही नहीं जाना चाहते।

अलग खबर

हालत यह है कि तहसीलदार व एसडीएम से शिकायत करने के बाद भी हल नहीं निकलने पर लोग बड़ी संख्या में सुशासन शिविर और कलेक्टर जनदर्शन में पहुंच रहे हैं। बटवारा, नामांतरण या हक-त्याग-वसीयत जैसी कोई जटिल या रिस्की काम हो तो उसमें देरी होना प्रक्रिया को पूरी करने के लिए की गई जायज देरी मानी जा सकती है, लेकिन सीमांकन जैसे छोटे और बेसिक कामों को करने में भी पटवारी और राजस्व निरीक्षक अगर एक-एक साल लगा दें तो यह सीधे बदमाशी ही कहलाएगी।

कलेक्टर के जनदर्शन में 90 प्रतिशत लोग राजस्व विभाग से जुड़ी समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं, जिसमें सीमांकन प्रमुख है। निकेश द्ववेदी नामक युवक द्वारा कलेक्टर को शिकायत की गई कि उसकी जमीन का 16 जनवरी को सीमांकन किया गया है, लेकिन आज चार महीने बाद भी आरआई ने सीमांकन रिपोर्ट नहीं भेजा है। सीपत क्षेत्र के आवेदक भगतराम खुसरो द्वारा तहसीलदार से 15 अप्रैल 2025 को सीमांकन का आदेश प्राप्त किया गया है, लेकिन आज दिनांक तक सीमांकन नहीं हो सका। बारिश का मौसम अब कुछ ही दिनों में आने वाला है, जिससे पक्षकार व जमीन मालिक अपनी जमीन के सीमांकन को लेकर बेहद परेशान हैं। एक सप्ताह के भीतर अगर उनकी जमीन का सीमांकन नहीं किया गया तो यह सीधे चार महीनों के लिए लटक जाएगा।

### अकेले बिलासपुर में ही 550 प्रकरण लंबित



केवल बिलासपुर अनुभाग में ही सीमांकन के लगभग 550 आवेदन लंबित हैं। इस संबंध में एसडीएम मनीष कुमार साहू का कहना है कि सारे प्रकरण राजस्व विभाग की उदासीनता से ही लंबित हैं ऐसी बात नहीं है। कई प्रकरणों में विवाद होने, आवेदक का कब्जा ही नहीं होने, सीमांकन पर अन्य व्यक्तियों द्वारा आपत्ति कर दिए जाने जैसी परिस्थितियां भी निर्मित हो जाती हैं, जिससे सीमांकन का काम आसानी से नहीं हो पाता और प्रकरण लंबित रह जाता है।

### बिलासपुर में सीमांकन प्रकरणों की पेंडेंसी एक बड़ी समस्या

बिलासपुर जिले में सीमांकन के बढ़ते प्रकरण व पेंडेंसी एक बड़ी समस्या है। कई जमीनें ऐसी हैं, जिनके मूल रकबे से अधिक की खरीदी-बिक्री हो गई है। बिलासपुर व सकरी तहसील में ज्यादा परेशानी देखने को मिल रही है। इस तरह के प्रकरणों के निराकरण को हमने प्राथमिकता में रखा है।

- **संजय अग्रवाल**, कलेक्टर

### जहां दूर-दूर तक अवैध प्लॉटिंग नहीं वहां सीमांकन में देरी क्यों

मस्तूरी क्षेत्र के चार सगे भाई एक साथ मंगलवार को जनदर्शन में सीमांकन नहीं होने की शिकायत लेकर पहुंचे थे। उनका कहना है कि उनका आपस में खेत का बटवारा हो चुका है, जिससे वे आपसी सहमति से सीमांकन करवा कर चौहद्दी बनवाना चाहते हैं, ताकि सभी को अपने खेत की सीमा पता हो। इसके बाद भी पटवारी और राजस्व निरीक्षक के द्वारा सीमांकन के लिए घुमाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनका गांच दूरस्थ क्षेत्र में है, जहां दूर-दूर तक कोई अवैध प्लॉटिंग नहीं हुई है इसके बाद भी सीमांकन नहीं होना राजस्व विभाग की तानाशाही ही है।

### खुद ही सीमांकन नहीं किया, फिर बोले आवेदन एक्सपायर

मस्तूरी तहसील अंतर्गत ग्राम तेंदुआ निवासी आवेदक जगनंदन सिंह ने 2 जून 2025 को सीमांकन का आदेश तहसीलदार से कराया था। पटवारी और राजस्व निरीक्षक लगातार घुमाते रहे और अंततः सीमांकन के लिए जारी आदेश को एक्सपायर बताकर सीमांकन करने से इंकार कर दिया। आखिरकार आवेदक को दो अप्रैल 2026 को तहसीलदार से दूसरी बार सीमांकन के लिए लिए आदेश कराना पड़ा, लेकिन इस आदेश को भी दो महीने बीत चुके हैं, और आवेदक अब तक सीमांकन के लिए भटक ही रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### वन भूमि से रेत का उत्खनन, 5 ट्रैक्टर जब्त



**बिलासपुर।** वन भूमि से रेत का अवैध उत्खनन करने वालों के खिलाफ वन विभाग की टीम ने कार्रवाई की है। इस दौरान 5 ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया गया है। मंगलवार को वन विभाग के डीएफओ अभिनव कुमार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि परिक्षेत्र खुड़िया के अंतर्गत भूतकछार परिसर के बीट क्रमांक 487 आरएफ में रेत का अवैध उत्तखनन किया जा रहा है। सूचना पर डीएफओ ने टीम को कार्रवाई करने का आदेश दिया। डीएफओ का आदेश मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रेत उत्तखनन करने वाले 5 ट्रैक्टर ट्राली को जब्त करने के बाद वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

### सम्मेलन में भाग लेने मेयर गईं ऋषिकेश

**बिलासपुर।** तीर्थनगरी ऋषिकेश में 3 और 4 जून को पहला मेयर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। देशभर से लगभग 85 मेयर इस सम्मेलन में शामिल होंगे। बिलासपुर महापौर श्रीमती पूजा विधानी भी इसमें भाग लेने के लिए पहुंची है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य शहरी विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा करना और विभिन्न नगर निकायों के अनुभवों को साझा करना है। नगर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए साझा रणनीति तैयार करने पर जोर रहेगा। नगर निकायों के बीच समन्वय और बेहतर कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने की उम्मीद जताई गई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, राज्य के शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा, सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत और कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल सहित कई गणमान्य अतिथि शामिल होंगे।

### 8 जुलाई से शुरू होगी बोर्ड की पूरक परीक्षाएं

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (सीजीबीएसई) ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी द्वितीय मुख्य/अवसर (सप्लीमेंट्री) परीक्षा की समय-सारिणी जारी कर दी है। मंडल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार दोनों परीक्षाएं जुलाई में आयोजित होंगी। हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा 8 जुलाई से शुरू होगी और 22 जुलाई तक चलेगी। हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा 9 जुलाई से शुरू होकर 21 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। दोनों परीक्षाओं का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक है। माशिमं की ओर से कहा गया है कि विषयवार विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम उसकी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है।

### महिला आईटीआई प्रवेश के लिए आवेदन 15 तक

**बिलासपुर।** शासकीय महिला आईटीआई कोनी में एनसीवीटी के पाठ्यक्रम कोपा में 48, स्टेनो हिंदी में 48 एवं हॉस्पिटल हाउस कीपिंग में 24 रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी विभाग के वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

## 10 दिनों से घरों में पहुंच रहा काला और दूषित पानी

# मेयर के क्षेत्र हेमूनगर सहित 15 वार्डों में नाली का पानी पीने को मजबूर हैं लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महापौर पूजा विधानी के वार्ड हेमू नगर में पिछले लगभग 10 दिनों से घरों में नाली का गंदा, काला, बदबूदार और झागयुक्त पानी पहुंच रहा है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। नल खोलते ही पानी नहीं बल्कि बीमारी का खतरा घरों में प्रवेश कर रहा है। इसी पानी का उपयोग पीने और खाना बनाने में कर रहे हैं। इससे जलजनित बीमारियों और महामारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। यही नहीं सरकंडा के 4 वार्डों, सिरगिट्टी, तिफरा, मंगला के 10 से अधिक वार्डों में गंदे पानी की शिकायत लगातार सामने आ रही है। गर्मी के दिनों में इससे परेशानी बढ़ गई है तो सामने बारिश है, इससे बीमारी फैलने की भी आशंका है।

हेमूनगर के रहवासियों के अनुसार क्षेत्र में दशकों पुरानी पेयजल पाइपलाइन बिछी हुई है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कई स्थानों पर यह पाइपलाइन सीधे नालियों के भीतर से गुजरती है। वर्षों पुरानी और जर्जर हो चुकी पाइपलाइन में अक्सर लीकेज होता रहता है, जिससे नालियों का दूषित पानी पेयजल में मिल जाता है।

- नल खोलते ही पानी नहीं बल्कि बीमारी का खतरा घरों में प्रवेश कर रहा है
- सरकंडा के 4 वार्डों, सिरगिट्टी, तिफरा, मंगला क्षेत्र में गंदे पानी की शिकायत









### नाला सफाई बनी नई मुसीबत

रहवासियों का आरोप है कि हाल ही में बारिश पूर्व नालियों की सफाई के लिए छोटे पोकलेन मशीनों का उपयोग किया गया। इससे सफाई के दौरान नालियों के भीतर मौजूद पुरानी पाइपलाइन कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद से स्थिति और बिगड़ गई है। सुबह और शाम पानी सप्लाई के दौरान नलों से साफ पानी की जगह काला, दुर्गंधयुक्त और झाग वाला पानी निकल रहा है। समस्या विशेष रूप से पार्षद बल्लभ राव के निवास क्षेत्र, सांई सामुदायिक भवन से कलचुरी स्कूल तक के इलाके और आसपास की बस्तियों में गंभीर बनी हुई है।

### लीकेज सुधरा, लेकिन समस्या बनी हुई

रहवासियों ने इसकी जानकारी वार्ड पार्षद बल्लभ राव को दी। पार्षद के अनुसार दो-तीन स्थानों पर पाइपलाइन लीकेज का सुधार भी कराया गया, लेकिन समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हुई। लगातार दूषित पानी की शिकायतें मिल रही हैं। मामले की सूचना जोन कार्यालय को भी दी जा चुकी है, बावजूद इसके प्रभावित क्षेत्रों में राहत नहीं मिल सकी है। यहां के लोगों के अनुसार हेमूनगर लंबे समय से पेयजल संकट झेलता रहा है। गर्मियों में कम दबाव के कारण कई घरों तक पानी पहुंच ही नहीं पाता था। अब जब पानी पहुंच रहा है तो उसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

### इसी पानी का उपयोग पीने और खाना बनाने में

लोगों के अनुसार अधिकांश घरों में टंकियों का कनेक्शन सीधे पाइपलाइन से जुड़ा हुआ है और मोटर के माध्यम से यही दूषित पानी घरों की टंकियों में भर रहा है। कई लोग अनजाने में इसी पानी का उपयोग पीने और खाना बनाने में कर रहे हैं। इससे जलजनित बीमारियों और महामारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। अधिकारी भी स्वीकार कर रहे हैं कि हेमू नगर में कई स्थानों पर पेयजल पाइपलाइन नालियों के भीतर से गुजरती है। ऐसे में कहीं भी लीकेज होने पर नालियों का गंदा पानी सीधे पेयजल में मिल जाता है।

### शिकायत नहीं मिली

पूरे क्षेत्र में गंदे पानी की शिकायत नहीं मिली है। सिर्फ एक घर में लीकेज की बात सामने आई थी, जिसे सुधार लिया गया है। जोन आफिस के साथ ही निगम मुख्यालय के पेयजल विभाग को पूरे निगम क्षेत्र में लीकेज और दूसरी समस्याओं की जांच करने कहा गया है।

- **पूजा विधानी**, महापौर

# 33 केवी लाइन में खराबी घंटों बंद रही सप्लाई

**बिलासपुर।** बिजली मेंटनेंस के बावजूद बंद की समस्या से निजात नहीं मिल रही है, दोपहर बाद आई हल्की सी आंधी में शहर की बिजली व्यवस्था जवाब देने लगी। इस दौरान तालापारा, राजकिशोर नगर, कुदुदंड, हेमुनगर जैसे क्षेत्रों में बिजली बंद रही। बताया जा रहा है कि 33 केवी लाइन में आई खराबी के चलते घंटों बंद की समस्या सामने आई है।

बिजली व्यवस्था को लेकर उपभोक्ताओं की परेशान थमने का नाम नहीं ले रही है। कुदुदंड में दोपहर 3 बजे के आसपास बिजली सप्लाई ठप रही, इस दौरान मिट्टी टीला के पास एक फेस बंद रही, जिसके चलते करीब 50 से अधिक उपभोक्ता परेशान रहे, करीब 7.30 बजे तक बहाल हो सकी। इसके साथ ही तालापारा क्षेत्र में तिफरा 33 केवी लाइन में खराबी के चलते शाम से ही बिजली ठप रही, इंदू चौक फीडर से निकलने वाली सप्लाई बाधित रही और अज्ञेय नगर, तालापारा, मगरपारा, लिंकरोड, मेग्नेटो मॉल, विद्या नगर, अग्रसेन चौक जैसे इलाकों में बिजली बंद रही, खास बात यह है कि बिजली विभाग ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद दूसरी लाइनों से सप्लाई शुरू की है, वहीं केबल अबतक सुधार नहीं सका है। इसके साथ ही राजकिशोर नगर, हेमुनगर, टिकरापारा, तेलीपारा जैसे क्षेत्रों में बिजली की आंखमिचौली जारी रही है।



### दो दिन बार सुधरी लाइन लेकिन खानापूर्ति काम

कुदुदंड चांदनी चौक में रहवासियों ने 30 मई को शहर विधायक अमर अग्रवाल को ज्ञापन सौंप कर क्षेत्र की बिजली समस्या की शिकायत की थी, मंगलवार को बिजली कर्मचारी मौके पर पहुंचे और लाइनों में सुधार कार्य किया, इस दौरान ट्रांसफार्मर के पास से गुजर रही बेतरतीबी केबल को हटाया गया, लेकिन ट्रांसफार्मर के जक्शन बाक्स का ढक्कन लगाना भूल गए। खास बात यह है कि रहवासियों का कहना है कि ट्रांसफार्मर काफी पुराना है और 200 केवी क्षमता का आने के कारण क्षेत्र में आए दिन बिजली लोड की समस्या रहती है। रहवासियों ने ट्रांसफार्मर को शिफ्टिंग के लिए पत्र लिखा है, बताया जा रहा है कि इस मौजूदा ट्रांसफार्मर को 315 केवी की क्षमता के साथ केन मेमोरियल स्कूल के नजदीक हस्तांरित किया जाना है।

### जेई सहित कर्मचारियों को बनाया बंधक, मामला दर्ज

गोल बाजार जोन में कार्यरत जेई देव सिंह कंवर और बिजली कर्मचारियों को 29 मई की रात बंधक बनाने और पूरे मोहल्ले में घुमाकर मारपीट और गाली गलौज करने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इसे पहले जेई सहित अन्य बिजली कर्मचारियों ने कोतवाली पहुंचकर कार्रवाई की मांग की थी। जिसमें जेई ने बताया था कि उसके साथ बदसलूकी करते हुए उनके बाल खींचे गए और गाड़ियों की चाबी तक निकाल ली गई थी। पुलिस ने मामले में आरोपी शाहनवाज मकवाना सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## सदस्यों ने योजना मद की राशि भाजपा व कांग्रेस सदस्यों के क्षेत्रों में बराबर देने की रखी मांग

# कलेक्टर चेंबर से बाहर आते ही आपस में भिड़े कांग्रेस सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला पंचायत के कांग्रेसी सदस्य मंगलवार को कलेक्टर से विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा करने पहुंचे थे। जिला पंचायत में पन्द्रहवें, सोलहवें वित्त योजना मद, डीएमएफ राशि सहित विकास कार्यो के राशि सभी क्षेत्रों में बराबर दिए जाने को लेकर चर्चा की गई और जैसे ही कलेक्टर के चेंबर से बाहर निकलकर मेनगेट तक पहुंचे कांग्रेस सदस्य आपस में भिड़ गए और वहीं पर उनके बीच बहसबाजी शुरू हो गई।

जिला पंचायत के कांग्रेस सदस्य मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे, उस समय कलेक्टर चेंबर में कलेक्टर संजय अग्रवाल के साथ जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल और एसएसपी रंजनेश सिंह व नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे भी उपस्थित थे। उनकी उपस्थिति में जिला पंचायत सदस्यों ने कलेक्टर से मिलकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। जिला पंचायत सदस्यों ने उन्हें भी डीएमएफ मद से विकास कार्यों के लिए राशि उपलब्ध कराई जाए तथा जिला पंचायत में विकास कार्य के लिए अनेक मदों में जो राशि आती है उसमें से भी सभी सदस्यों को बराबर राशि का वितरण किया जाने की मांग रखी।



कलेक्टर से चर्चा करते कांग्रेस नेता त्रिलोक श्रीवास, राजेन्द्र शुक्ला सहित अन्य।

सदस्यों का कहना था कि इसमें भाजपा या कांग्रेस नहीं देखना चाहिए और सभी को बराबर राशि दिया जाना चाहिए। इसी प्रकार जो भी जिला पंचायत सदस्यों के क्षेत्रों में कार्यक्रम होते हैं या शासकीय कार्यक्रम शिलान्यास, उदघाटन आदि में भी उन्हें आमंत्रित किया जाए तथा शिलालेख एवं आमंत्रण कार्ड में भी सदस्यों का नाम होना चाहिए। इसके अलावा समय सीमा में जिला पंचायत की बैठक अनिवार्य होना चाहिए और विकास कार्यो के संबंध में भी सदस्यों ने चर्चा की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सतकली बावरे, अनीता राजेन्द्र शुक्ला, रजनी पिंटू मरकाम, दामोदार कांत, शिवेन्द्र कौशिक सहित जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष महेन्द्र गंगोत्री, राजेन्द्र शुक्ला और त्रिलोक श्रीवास भी शामिल थे।

### विकास का मुद्दा छोड़ जमीन का मामला नागवार गुजरा

खबर है कि जिला पंचायत सदस्य जब चेंबर में कलेक्टर से विकास कार्यो एवं विभिन्न योजना, मद की राशि के संबंध में अपनी बात रख रहें थे तभी जिला पंचायत सदस्य स्मृति श्रीवास की जगह पर पहुंचे उनके पति त्रिलोक श्रीवास ने निजी जमीन संबंधी मामले को लेकर चर्चा छेड़ दी जो अन्य कांग्रेसी सदस्यों को नागवार गुजरी, उन्होंने निजी जमीन विषय पर त्रिलोक का साथ नहीं दिया। इसी बात को लेकर कलेक्टर चेंबर से बाहर निकलते ही उनके बीच बात बढ़ गई जो बहसबाजी तक पहुंच गई।

# अंधड़ से बदला मौसम का मिजाज

**बिलासपुर।** नवतपा में झुलसाने वाली गर्मी और लू के थपेड़ों से लोग हलाकान हो चुके हैं, लेकिन इस बीच अंधड़ और हल्की बारिश ने थोड़े समय की राहत जरूर दी है। मंगलवार की सुबह से ही तेज धूप रही, लेकिन दोपहर 3 बजे के बाद मौसम का मिजाज बदला और तेज हवाएं चलने लगी। इस दौरान बूंदाबांदी भी देखी गई।

मंगलवार की दोपहर अचानक तेज हवाएं चलने लगीं, करीब 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से अधंड चली और मौसम का मिजाज बदल गया। कुछ ही देर में आसमान पर बादल छाने लगे और कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी होने लगी। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है, जिसमें कहा गया है कि प्रदेश के कई क्षेत्रों में बिजली गिरने और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकी है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक 3 जून को नवतपा खत्म होने के साथ ही मौसम में परिवर्तन होने लगेगा। हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहेगा। अगले 5 दिनों तक आकाश में बादल छाने और तेज हवा के साथ ही प्री मानसून गतिविधियां शुरू हो जाएगी। बादलों की आवाजाही के कारण तापमान में 3 डिग्री का फर्क देखा जा सकेगा।

## खबर संक्षेप

### जिला कार्यालय में अपर कलेक्टर दुबे को भावभीनी विदाई




**बिलासपुर।** जिला कार्यालय के मंथन सभा कक्ष में अपर कलेक्टर एस.एस. दुबे के सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। जिला प्रशासन की ओर से उनके लगभग 30 वर्षों के उत्कृष्ट, समर्पित एवं निष्पक्ष शासकीय सेवा काल को सम्मानपूर्वक याद किया गया।समारोह में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री दुबे के प्रशासनिक अनुभव, कार्यकुशलता और सहज व्यक्तित्व को स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण विदाई दी। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह ने जिला प्रशासन की ओर से श्री दुबे को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया उनके दीर्घ जीवन की कामना की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि किसी भी अधिकारी की पहचान केवल उसके पद से नहीं बल्कि उसके कार्यों और व्यवहार से होती है। श्री दुबे ने अपने सेवा काल में जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रशासनिक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया और अपनी कार्यशैली से सभी का सम्मान अर्जित किया। एसएसपी रजनेश सिंह ने उनके साथ बिताए कार्यकाल की सराहना की। एसएस दुबे ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह में नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर शिवकुमार बनर्जी आदि उपस्थित रहे।

### महेश अभा अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री मनोनीत

**बिलासपुर।** महेश अग्रवाल को विद्यानगर को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छग का प्रदेश महामंत्री मनोनीत



किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल और राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल द्वारा जारी किए गए इस नियुक्ति पत्र में आशा व्यक्त की गई है कि प्रदेश अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल के नेतृत्व में अग्रवाल सम्मेलन के कार्यो को संगठन की दृष्टि से मजबूत करेंगे। प्रदेश कार्य समिति का गठन करते हुए राज्य के सभी जिलों का पुनर्गठन करेंगे। अग्रवाल समाज को आस्था, भक्ति एवं श्रद्धा के केंद्र अग्रोहा शक्तिपीठ से प्रदेश के सभी अग्र बंधुओं को जोड़ेंगे। इसके साथ ही वे छग प्रदेश की महिलाओं और युवाओं को अग्रवाल सम्मेलन से जोड़कर संगठन को एक नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। ताकि प्रदेश स्तर पर संस्था की सदस्यता बढ़ाने के अभियान को गति मिले और छग से अधिक से अधिक लोग अग्रवाल सम्मेलन से जुड़ सके।

### डा. सीवी रमन यूनिवर्सिटी ने दी डीएसपी रोशनी को पीएचडी

**बिलासपुर।** सरगुजा की बेटी और पुलिस हैडक्वाटर के सीआईडी विंग में पदस्थ डीएसपी रोशनी वासनिक ने एक



बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्हें महिलाओं में बढ़ती अपराध प्रवृत्ति पर किए गए महत्वपूर्ण शोध कार्य के लिए बिलासपुर के कोटा स्थित डा. सीवी रमन यूनिवर्सिटी द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। प्रदेश के सीनियर टीआई आशीष वासनिक की धर्मपत्नी रोशनी वासनिक ने अपना शोध विषय "महिलाओं में अपराध की बढ़ती प्रवृत्ति : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन (रायपुर जिले के विशेष संदर्भ में)" पर केंद्रित किया।

### लायंस क्लब बिलासपुर संगम की अश्विनी अध्यक्ष, नेहल सचिव

**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर संगम की वर्ष 2026-27 की नई टीम का गठन किया गया। बैठक में अश्विनी यादव



को अध्यक्ष, नेहल मिश्रा को सचिव तथा उज्ज्वल बंद्योपाध्याय को कोषाध्यक्ष बनाया गया। लायंस क्लब बिलासपुर संगम के सदस्य हमेशा से ही मानवता व समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय निभाते आ रहे हैं। आने वाले पूरे सत्र में सामाजिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए अग्रसर रहेंगे। अध्यक्ष अश्विनी यादव अपनी पूरी टीम के साथ आने वाले समय में सेवा कार्यक्रमों के तहत समाज के बुजुर्गो और जरूरतमंद लोगों की सेवा करने का प्रण लिया ।

### विभव बने किसान कमेटी के जिला महासचिव

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस कमेटी की सहमति से जिलाध्यक्ष योगेश यादव ने कार्यकारिणी का



विस्तार करते हुए, किसान कांग्रेस में विभिन्न जिम्मेदारी दी गई है। जिसमें जिला महासचिव पद पर विभव सराफ को नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि पूर्ण निष्ठा से संगठन की विचारधारा को मजबूत करने, किसानों की आवाज बुलंद करने एवं पार्टी को सशक्त बनाने निरंतर कार्य करता रहूँगा।

### आर्य रूपचंद जीवनानी ने जाते-जाते दो आंखों को दी रोशनी

**बिलासपुर।** मंगलवार को विनोबा नगर निवासी आर्य रूपचंद जीवनानी ने अपनी विदाई को अमर बना दिया।



उनका 93 वर्ष की उम्र में मंगलवार सुबह निधन हो गया। रूपचंद जाते-जाते अपने पीछे दो लोगों के जीवन में 'नेत्रज्योति' का अनमोल उपहार छोड़ गए हैं। शोक के क्षणों में संवेदनशीलता का परिचय दुख की इस कठिन घड़ी में उनके पुत्र भगवानदास, द्वारिका (कालू) व नंदलाल जीवनानी एवं उनके परिजनों ने मानवतावादी निर्णय लिया। उन्होंने उनकी स्मृतियों को जीवित रखने के लिए नेत्रदान करने का संकल्प किया और इसके लिए 'हैंड्स ग्रुप' से संपर्क किया। हैंड्स ग्रुप के मनीष जीवनानी व अन्य सदस्य सिम्स के डॉ. अनिकेत कांबले, नेत्रदान सलहाकार धर्मेंद्र देवांगन व मुकेश की मेडिकल टीम उनके निवास पहुंची और ससम्मान नेत्रदान की प्रक्रिया संपन्न की। रूपचंद के इन अंगों से अब दो नेत्रहीन व्यक्तियों की दुनिया रोशन हो सकेगी।

---

**डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट की फीस साढ़े सात हजार रुपए** | **सदस्यता शुल्क भी बढ़कर 75 रुपए**

# यूथ कांग्रेस का चुनाव हुआ महंगा, स्टेट प्रेसीडेंट की नामिनेशन फीस 20 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यूथ कांग्रेस का चुनाव काफी महंगा हो गया है और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को इस बार ज्यादा जेबें ढीली करनी पड़ेगी। स्टेट प्रेसीडेंट पद के लिए नामिनेशन फीस बढ़ाकर दोगुना कर दिया गया है और स्टेट प्रेसीडेंट का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को नामिनेशन फीस 20 हजार रुपए जमा करना होगा।

इसी तरह डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट पद के लिए नामिनेशन फीस 5 हजार से बढ़कर 7500 रुपए हो गया है। यहीं नहीं सदस्यता शुल्क भी 50 रुपए से बढ़ाकर 75 रुपए कर दिया गया है। इससे यूथ कांग्रेस चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वाले आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को झटका लगा है। महंगाई का असर पेट्रोल-डीजल, गैस या राशन सामान से लेकर सब्जी, भाजी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यूथ कांग्रेस चुनाव में भी महंगाई का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने मिल रहा है। यूथ कांग्रेस संगठन ने अपने सदस्यता शुल्क से लेकर चुनाव लड़ने वाले इच्छुक उम्मीदवारों के लिए नामिनेशन फीस भी काफी बढ़ा दी है, जिससे यूथ कांग्रेस का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के जेबों पर आर्थिक बोझ अधिक पड़ने वाला है। क्योंकि यूथ कांग्रेस राष्ट्रीय संगठन ने स्टेट प्रेसीडेंट पद के लिए नामिनेशन फीस को बढ़ाकर दोगुना कर दिया है। पिछले चुनाव तक स्टेट प्रेसीडेंट का नामिनेशन फीस 10 हजार रुपए था जिसे इस बार बढ़ाकर 20 हजार रुपए कर दिया गया है। मतलब यदि कोई यूथ कांग्रेसी स्टेट प्रेसीडेंट पद का चुनाव लड़ता है तो उसे 20 हजार रुपए नामिनेशन फीस जमा करना होगा। ठीक इसी तरह स्टेट जनरल सेक्रेटरी पद का नामिनेशन फीस पहले 7 हजार रुपए था जो अब 10 हजार रुपए कर दिया गया है। डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट पद के लिए पहले 5 हजार रुपए फीस लगता था, किन्तु इस चुनाव में नामिनेशन फीस डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट के लिए 7 हजार 500 रुपए हो गया है। डिस्ट्रिक्ट जनरल सेक्रेटरी की नामिनेशन फीस 2500 रुपए से बढ़ाकर 3 हजार रुपए और असेंबली कमेटी का फीस यथावत एक हजार रुपए ही रखा गया है, जबकि इस बार ब्लॉक कमेटी भी है जिसमें लिए 150 रुपए नामिनेशन फीस रखा गया है। यूथ कांग्रेस का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को नामिनेशन फीस को देखकर ही झटका लगा है। क्योंकि उन्हें पहले नामिनेशन फीस के लिए रकम जुगाड़ना पड़ेगा, उसके बाद ही वे चुनाव लड़ने का मन बना पाएंगे।

#### यूथ कांग्रेस में पहली बार ब्लॉक अध्यक्ष

यूथ कांग्रेस में भी अब ब्लॉक अध्यक्ष के लिए भी चुनाव हो रहा है। इससे पहले तक ब्लॉक अध्यक्ष का चुनाव नहीं होता था। लेकिन इस बार यूथ कांग्रेस में ब्लॉक अध्यक्ष चयन चुनाव के माध्यम से होने जा रहा है। स्टेट प्रेसीडेंट, स्टेट जनरल सेक्रेटरी सहित डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट व डिस्ट्रिक्ट जनरल सेक्रेटरी एवं असेंबली प्रेसीडेंट के साथ ही ब्लॉक प्रेसीडेंट के लिए आनलाइन वोटिंग कराया जाएगा।

#### सदस्य बनाने में होगा खर्च

ये तो चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए नामिनेशन फीस है। इसके अलावा यूथ कांग्रेस सदस्यता शुल्क जो पहले 50 रुपए था वह भी इस बार बढ़ा दिया गया है और सदस्यता शुल्क 75 रुपए लिया जा रहा है। यूथ कांग्रेस चुनाव में जो उम्मीदवार चुनाव लड़ता है वहीं आनलाइन सदस्य भी बनाता है और अपने पक्ष में वोटिंग कराता है। इसलिए ज्यादतर उम्मीदवारों को ही अपने पक्ष में वोटिंग कराने के लिए सदस्यता शुल्क भी देना पड़ता है जिससे उम्मीदवारों को सदस्य बनाने में ही लंबा खर्च पड़ने वाला है।

---

शहरी समाधान शिविर में हुए शामिल तोखन व अरुण साव

# योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्रतिबद्धता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव आज सुशासन तिहार के अंतर्गत पुत्रीबाई स्कूल सामुदायिक भवन में आयोजित जिला स्तरीय शहरी समाधान शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन और विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है तथा बिलासपुर के विकास के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि जनता के प्रति जवाबदेही ही वास्तविक सुशासन है और सुशासन तिहार ने शासन के प्रति लोगों के विश्वास को और अधिक मजबूत किया है। न्यायधानी बिलासपुर को उसकी पहचान और गरिमा के अनुरूप विकसित करने के लिए लगातार बड़े पैमाने पर विकास कार्य किए जा रहे हैं। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच विश्वास को और सशक्त बनाने का अभिनव अभियान है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों को तेजी से धरातल पर उतारा जा रहा है और प्रदेश विकास के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में संवेदनशीलता और जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं से वंचित न रहे। फोरलेन सड़कों का निर्माण, एयरपोर्ट विस्तार की दिशा में हो रहे प्रयास तथा कोपरा जलाशय का रामसर साइट के रूप में चयन इस क्षेत्र के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर के समग्र विकास के लिए आवश्यक हर सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।





#### निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

कार्यक्रम में अतिथियों ने मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत 12 करोड़ 95 लाख रुपए की लागत से अरपा राम सेतु से शनिचरी रपटा तक सड़क, नाला एवं पिचिंग कार्य तथा 5 करोड़ 55 लाख रुपए की लागत से कुंदन पैलेस से सहारे गली होते हुए बस स्टैंड तक आरसीसी बॉक्स निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। कुल 18 करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक लागत के इन विकास कार्यों से शहर की अधोसंरचना को नई मजबूती मिलेगी तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

#### जनता का विश्वास ही बड़ी उपलब्धि : साव

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान और शासन के प्रति उसका बढ़ता विश्वास ही सुशासन तिहार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। सुशासन तिहार ने शासन और आमजन के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम तैयार किया है, जिससे लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्यों को प्राथमिकता मिल रही है। उन्होंने कहा कि न्यायधानी बिलासपुर को उसकी पहचान के अनुरूप विकसित करने के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। विगत दो वर्षों में जिले में 412 करोड़ 57 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्य स्वीकृत और संचालित किए गए हैं। श्री साव ने पुत्रीबाई सामुदायिक भवन में बाउंड्री वॉल एवं शौचालय निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा भी की।

---

# फैक्ट फाइडिंग कमेटी ने शिक्षकों से की पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में समर्थ पोर्टल हैक और पेपर लीक मामले में मंगलवार को भी फैक्ट फाइडिंग कमेटी जांच के लिए बैठी थी। जांच कमेटी द्वारा इस मामले में यूनिवर्सिटी के शिक्षकों से पूछताछ कर उनका बयान लिया गया है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में समर्थ पोर्टल हैकिंग और एग्जाम प्रश्न पत्र लीक मामले में यूनिवर्सिटी की फैक्ट फाइडिंग कमेटी के सदस्य प्रो. एससी श्रीवास्तव, प्रो. मुकेश कुमार सिंह, प्रो. खेमचंद देवांगन, प्रो. भारती अहिरवार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार एग्जाम टीपी सिंह की टीम आज फिर मामले में जांच करने बैठी थी। जांच कमेटी द्वारा आज यूनिवर्सिटी के कुछ शिक्षकों को बुलवाया गया था और उनसे मामले में पूछताछ हुई और जांच कमेटी के सामने शिक्षकों का बयान भी लिया गया है। इससे पहले दिल्ली से समर्थ पोर्टल के तकनीकी अधिकारियों के साथ यूनिवर्सिटी प्रबंधन की आनलाइन मिटिंग हुई थी। यूनिवर्सिटी प्रबंधन की ओर से समर्थ के अधिकारियों से इस मामले में आईपी एड्रेस व लॉगिन आईडी सहित इंटर्नल जानकारी मांगी गई है कि पोर्टल कहां-कहां खुला है। बताया जा रहा है कि अभी समर्थ पोर्टल की तकनीकी अधिकारियों द्वारा उक्त जानकारी यूनिवर्सिटी को उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एक दिन पहले ही यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन कर इस मामले में यूनिवर्सिटी प्रबंधन की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी करने की मांग की गई थी ताकि वास्तविक चीजें सामने आ सकें। लेकिन यूनिवर्सिटी प्रबंधन की तरफ से इस मामले को लेकर कोई भी प्रेस रिलीज जानी नहीं की गई है।

■ पोर्टल हैक मामले में लिया बयान

छात्रों ने पोर्टल की सुरक्षा को तत्काल सुदृढ़ करने तथा इस प्रकरण में जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग भी की है। क्योंकि डिजिटल प्लेटफार्म पर छात्रों के डेटा और परीक्षा प्रणाली की गोपनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

# 11 केवी लाइन पर झुलसा कर्मचारी, सिम्स में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के बिल्हा थाना क्षेत्र के मोहभट्ठा मेला परिसर में विद्युत विभाग की कथित लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। परमिट लेकर बंद बिजली में काम कर रहा ठेका कर्मचारी हताहत हो गया। इस दौरान कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गया, जिसके इलाज के लिए सिम्स में भर्ती किया गया है।

जानकारी के अनुसार घटना सोमवार शाम की है। बिल्हा थाना क्षेत्र के मोहभट्ठा मेला परिसर में मेंटनेंस कार्य कराया जा रहा था। विद्युत लाइन से संबंधित कार्य के लिए एक ठेका कर्मी को खंभे पर चढ़ाकर मरम्मत का काम कराया जा रहा था। जिस लाइन पर काम कराया जा रहा था, उसकी परमिट ली गई थी, लेकिन अचानक करंट की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से झुलस गया। खास बात यह है कि ठेका कर्मी बिना किसी सुरक्षा उपकरण और सेफ्टी किट के कार्य कर रहा था। वहीं अधिकारियों का कहना है कि लाइन बंद थी और रिटर्न करंट आने के कारण कर्मचारी हादसे का शिकार हुआ है। वहीं ठेकेदार द्वारा कर्मचारी को हैवी लाइन में चढ़ाने को लेकर सवाल उठने लगे है। ऐसे में हादसे से विभागीय कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में आ चुकी है।

#### जांच की जा रही है

रिटर्न करंट के कारण युवक झुलस गया, समय रहते हमारी टीम ने उसे उतारा है, फिलहाल स्थिति ठीक है। हादस क्यों हुआ है, इसकी जांच की जा रही है।

**-हरिश कुर्रे,** एई, बिल्हा

#### करीब 20 फीसदी झुलसा गया युवक

करंट लगने से युवक के शरीर का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा झुलस गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उसे नीचे उतारा और उपचार के लिए सिम्स अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल घायल का इलाज चल रहा है, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है।

---

# स्व. पं. भागवत प्रसाद दुबे की मनाई पुण्यतिथि

**बिलासपुर।** सीएमडी महाविद्यालय में स्व. पंडित भागवत प्रसाद दुबे की पुण्य तिथि 2 जून को मनाई गई। समारोह में उनकी प्रेरक पुण्य स्मृतियों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष पं. संजय दुबे ने कहा कि स्व. पं. भागवत प्रसाद दुबे सन् 1991 से सन् 2007 तक महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष रहे। उनके कार्यकाल में महाविद्यालय की बहुमुखी उन्नति हुई उनकी सक्रियता महाविद्यालय तक सीमित नहीं थी।

बिलासपुर विकास प्राधिकरण उपभोक्ता भंडार, नागरिक बैंक, मप्र गृह निर्माण समिति, कोल इंडिया जैसे अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों में उन्होंने विभिन्न प्रकार की जिम्मेदारियों का निर्वाह किया। स्वर्गीय दुबे के दूर दृष्टि का ही परिणाम है कि आज महाविद्यालय में अनेक नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ हो चुके हैं जिसका लाभ छात्र-छात्राएं ले रहे हैं। महाविद्यालय शिक्षक समिति के उपाध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी ने कहा कि स्व. पं. भागवत प्रसाद दुबे के व्यक्तित्व में दुर्लभ मानवीय गुणों का संगम था। एक ओर वे सहज और सरल व्यक्ति थे तो दूसरी ओर संकल्पवान और दृढ़ निश्चयी थे। उनकी स्मृतियां हमें सदैव प्रेरणा देती रहेंगी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय को ऊचाईयों पर ल जाने का कार्य स्व. भागवत प्रसाद दुबे ने किया।

वे बीडीए के अध्यक्ष भी रहे, व्यापार विहार को बसाने में उनका सक्रिय योगदान रहा है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. संजय सिंह ने कहा कि शासी निकाय के पूर्व अध्यक्ष स्व. पं. भागवत प्रसाद दुबे का कार्यकाल उपलब्धियों से परिपूर्ण था। समारोह में महाविद्यालय के शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष महेश दुबे, एसपी चतुर्वेदी, अंजली चतुर्वेदी, अमन दुबे, विमल त्रिपाठी, एन.के. वर्मा, नितिन त्रिपाठी, उप प्राचार्य डॉ. के.के शुक्ला, डॉ. कमलेश शुक्ल, डॉ. राजकुमार पण्डा, डॉ. एस.पावनी, डॉ. स्मृति पाण्डेय, डॉ. यशस्वी मिश्रा, के. प्रवीणा, केशव शर्मा, रामेश्वर पटेल, प्रवीण गुप्ता आदि मौजूद थे।



### सीटी स्कैन की मिलेगी सुविधा मुख्यमंत्री करेंगे लोकार्पण

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संभावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। जिला अस्पताल में सीटी स्कैन व दिव्यांगों को मोटर ट्राइसिकल की सुविधा मिलेगी।

मंगलवार को कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिला अस्पताल में तैयारियों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अस्पताल परिसर, विभिन्न वार्डों तथा प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तैयारियां समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीएम के दौरे के दौरान जिला अस्पताल में नवस्थापित सीटी स्कैन मशीन का लोकार्पण प्रस्तावित है।

---

जोन और बिलासपुर डिवीजन में यात्रियों को नहीं मिल रही सुविधा

# कोरबा-चांपा, रायगढ़ से प्रयागराज के लिए डायरेक्ट ट्रेन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोन और बिलासपुर डिवीजन में कोरबा, चांपा और रायगढ़ सहित ऐसे 10 से अधिक स्टेशन के सैकड़ों यात्री हैं, जो अब तक प्रयागराज, बनारस तक जाने वाली ट्रेन के लिए वंचित हैं। डायरेक्ट ट्रेन की सुविधा नहीं होने के कारण दुर्ग से एकमात्र सारनाथ एक्सप्रेस में साल के 365 दिन यात्रियों की काफी भीड़ रहने से वेटिंग भी क्लीयर नहीं हो पाती है। इसके कारण यात्रियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



बिलासपुर जोन में एकमात्र दुर्ग से रायपुर, उसलापुर होकर कटनी होते हुए प्रयागराज, बनारस और गया तक चलने वाली एकमात्र सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन हैं, जिसमें साल के 365 दिन यात्रियों की काफी भीड़ रहती है। सबसे अधिक यात्री ट्रेन में प्रयागराज और बनारस व गया जाने वाली होते हैं, जो पिंडदान और अस्थि विसर्जन के लिए ट्रेन में सफर करते हैं। इसकी वजह से ट्रेन के स्लीपर और एसी कोच में भी वेटिंग की संख्या अधिक होने के कारण कंफर्म टिकिट मिलना मुश्किल हो जाता है। पहले इस ट्रेन का परिचालन बिलासपुर से होकर किया जा रहा था। सारनाथ एक्सप्रेस के अलावा दूसरी ट्रेन की सुविधा नहीं होने की वजह से गोंदिया, राजनांदगांव के अलावा बिलासपुर के बाद झारसुगुड़ा तक रायगढ़, चांपा, कोरबा और अन्य स्टेशनों के सैकड़ों यात्रियों को सफर करने के लिए पहले बिलासपुर और उसलापुर तक आना पड़ता है। इसकी वजह से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में यात्रियों को काफी परेशानी होती है।

जोनल और डिवीजन स्तर पर होने वाली उपभोक्ता सलाहकार समिति की मीटिंग के दौरान सदस्यों ने कोरबा, रायगढ़, चांपा से प्रयागराज और बनारस तक सीधी ट्रेन सेवा देने की मांग कई बार की, इसके लिए रेल अफसरों को सुझाव भी दिए गए। उपभोक्ताओं की मांग और सुझाव को कई बार रेलवे बोर्ड स्तर तक भेजा भी गया, लेकिन अब तक मांग व सुझाव पर कोई भी अमल नहीं हो सका।

#### की गई है मांग

डिवीजन रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के मेम्बर रवि कन्ना का कहना है कि बिलासपुर जोनल स्टेशन होने के बाद भी यात्रियों को अब तक कई ट्रेनों की सीधी सेवा नहीं मिल पा रही है। प्रयागराज और बनारस की ओर जाने वाले यात्रियों की संख्या सैकड़ों में हैं। बिलासपुर के अलावा मुंगेली, रायगढ़, कोरबा, चांपा और अन्य स्टेशनों से प्रतिदिन यात्रियों को बिलासपुर और उसलापुर तक आना पड़ता है। एक स्टेशन से उसलापुर तक आने की परेशानी अलग और उसलापुर आकर ट्रेन का इंतजार घंटो करने की परेशानी अलग होती है। इसके कारण सारनाथ की सुविधा देने की मांग कई बार की जा चुकी है।

---

# जेईई परीक्षा में त्रिमूर्ति के तारूण का चयन

एजुकेशन प्लस

**सरगांव।** त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल के कक्षा 12 वीं के छात्र तारूण डेंबरा ने अखिल भारतीय जेईई एडवांस परीक्षा में 3080 रैंक अर्जित कर क्षेत्र को गौरांवित किया है।



तारुण छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के अधिवक्ता भरत लाल डेंबरा के सुपुत्र हैं। इसके पूर्व जेईई मेंस की परीक्षा में उसने 99.74 % अंक अर्जित कर 4258 वीं रैंक प्राप्त की। बचपन से मेधावी रहे तारुण अध्ययन के साथ सृजनात्मक गतिविधियों में उनका रुझान और जीवन में कुछ कर गुजरने की तमन्ना उसे एक सामान्य छात्र से अलग बनाती है। त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल के अतिरिक्त संचालक जितेन्द्र निगम ने तारुन की उपलब्धि पर कहा कि ग्रामीण अंचल का यह सीबीएसई विद्यालय सदैव अंचल के बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनके सपनों को नए आयाम देने हेतु प्रतिबद्ध रहा। हमने प्रत्येक बच्चों की रुचि ध्यान कर विद्यालय परिवेश को उसके अनुकूल बनाने की कोशिश की। तारूण ने हमेशा सपनों को नए पंख और नई उड़ान देने की कोशिश की। शाला के प्राचार्य सुशांत स्वपन देवनाथ ने तारुन को शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 3 जून 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255




# साइकिल की रफ्तार देती है स्वस्थ जीवन का उपहार

**साईकिल दिवस आज**

**आउटडोर साइकिलिंग का चलन बढ़ा**

शहरी जीवन की दैनिक दिनचर्या में घटती फिजिकल एक्टिविटीज के चलते सेहत को लेकर सभी फिक्रमंद हैं। ऐसे में पहले खुद को सेहतमंद बनाने सिटी के कुछ प्रोफेशनल व कामकाजी व्यक्तियों ने साइकिलिंग राइडर ग्रुप बनाया है। राइडर ग्रुप के सदस्य रोजाना शहर के आसपास 30 किमी दूरी तक आउटडोर साइकिलिंग पर निकल जाते हैं। उसके बाद दिनभर फिट व तरोताजा होकर अपने कामकाज में लग जाते हैं।

बिलासपुर। डॉ सिध्दार्थ वर्मा भी साईकिल का प्रयोग प्रतिदिन करते है, इन्होंने बताया कि हर वर्ष 3 जून को विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है। यह केवल एक खेल या परिवहन के साधन का उत्सव नहीं है, बल्कि एक स्वस्थ, पर्यावरण-अनुकूल और अनुशासित जीवनशैली का उत्सव है। मेरे लिए साइकिल केवल दो पहियों वाली एक मशीन नहीं है। यह आत्मविश्वास, स्वतंत्रता, धैर्य और आत्म-अनुशासन की साथी रही है। हजारों किलोमीटर की लंबी यात्राओं ने मुझे यह सिखाया है कि जीवन में कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता, यदि हम लगातार आगे बढ़ते रहें। तेज़-रफ्तार दुनिया में हम सुविधाओं के इतने आदी हो गए हैं कि छोटी-छोटी दूरियों के लिए भी वाहनों का उपयोग करते हैं। परिणामस्वरूप मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं। साइकिल इन सभी चुनौतियों का एक सरल, सस्ता और प्रभावी समाधान है। साइकिल चलाना केवल शरी को ही नहीं, बल्कि मन को भी मजबूत बनाता है।





## 15 मिनट की साईकिल करें शुरूआत

साईकिल राइडर डॉ सिध्दार्थ वर्मा ने बताया कि जब आप सुबह की ताज़ी हवा में पैडल मारते हैं, तो तनाव कम होता है, मन प्रसन्न रहता है और दिनभर ऊर्जा बनी रहती है। यह एक ऐसा व्यायाम है जिसे बच्चे, युवा और बुज़ुर्ग लगभग हर आयु वर्ग का व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार कर सकता है। एक एंड्यूरेंस साइकिलिस्ट के रूप में मैंने सीखा है कि लंबी दूरी तय करने का रहस्य तेज़ चलना नहीं, बल्कि लगातार चलते रहना है। यही सिद्धांत जीवन पर भी लागू होता है सफलता एक दिन में नहीं मिलती, बल्कि रोज़ किए गए छोटे-छोटे प्रयासों का परिणाम होती है। आपको 100 किलोमीटर चलाने की आवश्यकता नहीं है। सिर्फ 10-15 मिनट की सवारी से शुरुआत करें। धीरे-धीरे यह आदत आपके स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और जीवन की गुणवत्ता में बड़ा बदलाव ला सकती है।

### 8 साल से साइकिलिंग, एकदम फिट

शहर के साइकिल राइडर अमित साहू ने बताया कि वर्ष 2018 से रोजाना अर्ली मार्निंग 5 बजे आउटडोर साइकिलिंग करते आ रहे हैं। पिछले 8 सालों से साइकिल चलाकर मालूम पड़ा है कि मेरा इम्युनिटी सिस्टम बूस्ट हुआ है. साथ ही मसल पॉवर बढ़ा है। वहीं बीपी, शुगर सभी कंट्रोल में है। इसके अलावा साइकिल चलाने का ही असर रहा कि कोरोनाकाल में मुझे और मेरे साथ ग्रुप साइकिलिंग करने वाले एक भी व्यक्ति को कोरोना बीमारी छू भी नहीं पाई।

### हृदय व स्वास्थ्य को बनाता है बेहतर

डॉ एल पी शर्मा ने बताया कि साइकिलिंग बेहतर व्यायाम है, जो हृदय और स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। वजन घटाने में मदद करता है और मानसिक स्वास्थ्य को भी सकारात्मक रूप से संचालित करने में लाभदायक है।

### पिछले कुछ सालों में तेजी से बढ़ी साइकिल की बिक्री

व्यापारी अमित पंजवानी ने बताया कि कोरोना आने से पहले तक साइकिल का व्यापार एकदम से घट गया था। छोटे बच्चों की टॉय सइकिल ही बिकती थी, बड़ों की साइकिल दिनभर में एक-दो ही बिक पाती थीं. कामकाजी व स्पोर्ट्स से जुड़े लोग ही साइकिल खरीवने आते थे, लेकिन 2021 के बाद से साइकिल का कारोबार बढ़ गया है, सिर्फ 10 वर्ष से 40 वर्ष पार के लोग बड़ी संख्या में साइकिल खरीद रहे हैं। वर्तमान में रोजाना 10 से 15 साइकिलें बेच रहा हूं।

# 'भोकवा राजा' के मंचन ने जीता दर्शकों का दिल

**बाल अभिनय व रंगमंच प्रशिक्षण**





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महाराष्ट्र मंडल एवं अग्रज नाट्य दल के संयुक्त आयोजन में संचालित बाल अभिनय एवं रंगमंच प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन मंगलवार को महाराष्ट्र मंडल परिसर, गजानन मंदिर, पारिजात कॉलोनी में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समापन समारोह में प्रशिक्षार्थी बाल कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मनमोह लिया।

मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम पार्षद एवं सांस्कृतिक प्रभारी संजय यादव, नगर निगम पार्षद अंजनी कश्यप तथा भाजपा पश्चिम मंडल के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण कश्यप उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष मोहन देव पुजारी ने की। मोहन देव पुजारी ने कहा कि अग्रज नाट्य दल प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में बच्चों और युवाओं को रंगमंच का प्रशिक्षण प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारने का कार्य कर रहा है। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यशाला के सफल संचालन के लिए तिलक नगर स्कूल, अभिभावकों तथा सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

लक्ष्मीनारायण कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'भोकवा राजा' में प्रयुक्त 'भोकवा' शब्द सुनते ही छत्तीसगढ़ की माटी की सुगंध महसूस होती है। यह नाटक स्थानीय संस्कृति, लोकभाषा और सामाजिक संवेदनाओं को सुंदर ढंग से प्रस्तुत करता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में अग्रज नाट्य दल के प्रशिक्षित कलाकार डिजिटल मीडिया, फिल्मों और बड़े मंचों पर अपनी पहचान बनाएंगे।

### बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते

संजय यादव ने कहा कि रंगमंच केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक संरक्षण का सशक्त साधन है। बच्चों द्वारा \प्रस्तुत अभिनय, संवाद अदायगी और मंच अनुशासन अत्यंत प्रभावशाली रहा। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें समाज के प्रति संवेदनशील बनाते हैं। उन्होंने अग्रज नाट्य दल और महाराष्ट्र मंडल को इस रचनात्मक पहल के लिए बधाई देते हुए भविष्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### व्यंग्य नाटक का मंचन

व्यंग्य नाटक 'भोकवा राजा' रहा, जिसका लेखन एवं निर्देशन रंगकर्मी गरिमा भांगे ने किया। नाटक की कहानी एक ऐसे राज्य की है जहां राजा के निधन के बाद रानी अपने राजकुमार को भविष्य का योग्य शासक बनाने का संकल्प लेती है। राज्य की परंपरा के अनुसार राजा बनने के लिए किसी न किसी कला में पारंगत होना आवश्यक होता है। रानी राजकुमार को विभिन्न कलाओं में दक्ष बनाने के लिए भेजती है, लेकिन सिंहासन पर नजर गड़ाए मंत्री उसके हर प्रयास में बाधाएं उत्पन्न करता है। परिस्थितियां ऐसी बनती हैं कि राजकुमार की हर कोशिश लोगों को हास्यास्पद लगती है और वे उसे 'भोकवा' कहकर पुकारने लगते हैं। अंततः यह स्पष्ट होता है कि राजकुमार वास्तव में अनेक कलाओं में निपुण, संवेदनशील और योग्य है। जब उसे राजा बनाए जाने का समय आता है, तब बार-बार 'भोकवा' कहे जाने के कारण वह अपना मूल नाम ही भूल जाता है और स्वयं को 'भोकवा राजा' कहलाना स्वीकार कर लेता है।

**युवाओं में 'स्टडी अब्रॉड' का क्रेज, एक्सपर्ट्स दे रहे सलाह- भेड़चाल के बजाय विषय के आधार पर चुनें सही देश**

# विदेशों में पढ़ाई के लिए युवा कर रहे एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी

**कार्नर न्यूज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

> इन दिनों विदेशों में पढ़ाई का सपना देख रहे छात्रों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। विदेशी विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए जल्द ही एंट्रेंस एग्जाम शुरू होने वाले हैं, जिसके लिए बिलासपुर बड़ी की संख्या में स्टूडेंट्स जमकर तैयारी कर रहे हैं।

विदेशी शिक्षा के क्षेत्र में शहर के फॉरेन एजुकेशन एक्सपर्ट का मानना है कि ग्लोबल करियर बनाने के लिए सबसे जरूरी कदम सही देश और सही विषय का चुनाव करना है। छात्रों को भेड़चाल का हिस्सा बनने के बजाय हमेशा कोर्स और उस देश की खासियत के आधार पर फैसला लेना चाहिए।

एक्सपर्ट्स सलाह दे रहे हैं कि विदेश जाने से पहले वहां की भाषा और लैंग्वेज टेस्ट की पूरी तैयारी कर लेनी चाहिए। अमेरिका, यूके और ऑस्ट्रेलिया के लिए जहां आईईएलटीएस या टॉफेल का स्कोर जरूरी है, वहीं जर्मनी या फ्रांस जाने वाले छात्रों के लिए वहां की स्थानीय भाषा का ज्ञान होना बेहद फायदेमंद साबित होता है। साथ ही विदेशी संस्थानों का चयन करते समय छात्रों और उनके अभिभावकों को उस देश के करेंसी रेट को भी विशेष रूप से ध्यान में रखना चाहिए, ताकि भविष्य में किसी भी तरह की आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े।

## मेडिकल के लिए इटली तो इंजीनियरिंग के लिए जर्मनी पहली पसंद





### इंजीनियरिंग के लिए अमेरिका और जर्मनी की डिमांड

शहर के इंजीनियरिंग छात्रों के बीच अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और यूके सबसे मजबूत दावेदार माने जाते हैं। जर्मनी को मैकेनिकल और ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग का वैश्विक क्षेत्र माना जाता है। वहां की म्यूनिख और बर्लिन जैसी सरकारी यूनिवर्सिटीज में फीस न के बराबर है, जिससे यह भारतीय छात्रों की पहली पसंद बना हुआ है। दूसरी ओर रिसर्च और एडवांस टेक्नोलॉजी में अमेरिका आज भी दुनिया का नेतृत्व कर रहा है, जहां एमआईटी और स्टैनफोर्ड जैसे संस्थानों में पढ़ाई के साथ स्कॉलरशिप के बड़े मौके मिलते हैं। इनोवेशन और पढ़ाई के बाद वहीं सेटल होने के लिहाज से कनाडा सबसे आगे है। टोरंटो जैसी यूनिवर्सिटी से पढ़ाई के बाद छात्रों को आसानी से पोस्ट-स्टडी वर्क परमिट मिल जाता है। इसके अलावा, सिविल, सॉफ्टवेयर और माइनिंग ब्रांच के लिए ऑस्ट्रेलिया का कोई मुकाबला नहीं है, हालांकि यहां पढ़ाई का खर्च डेढ़ से 3 करोड़ रुपए तक आता है।

### मेडिकल की पढ़ाई के लिए बेहतरीन विकल्प

यदि छात्र विदेशों में मेडिकल की पढ़ाई करना चाहते हैं तो उनके लिए इटली, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, यूके, कजाकिस्तान और रूस जैसे देश टॉप लिस्ट में हैं। वर्तमान में इटली मेडिकल छात्रों के लिए एक बेहतरीन विकल्प बनकर उभरा है, जहां अंग्रेजी माध्यम में 6 साल का एमबीबीएस कोर्स उपलब्ध है। हालांकि इसके लिए छात्रों को 'आईमेट' एग्जाम क्लीयर करना अनिवार्य होता है। विदेशों में मेडिकल की पढ़ाई का खर्च 3 लाख रुपए सालाना से लेकर कुल 4 करोड़ रुपए तक जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी और मेलबर्न तथा यूके के ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज जैसे शीर्ष संस्थानों में 5 से 6 साल के कोर्स का खर्च 2 से 4 करोड़ रुपए तक आता है। वहीं छात्रों को यह भी ध्यान रखना होगा कि कजाकिस्तान, रूस, नेपाल या चीन से एमबीबीएस करने के बाद वे सीधे भारत में डॉक्टरी नहीं कर सकते। भारत में प्रैक्टिस की पात्रता हासिल करने के लिए पहले फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जाम पास करना होता है।

---

**योग शिक्षा**

## जन-जन तक योग पहुँचाने का लिया गया संकल्प



बिलासपुर। आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के उपलक्ष्य में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय कोनी बिलाके योग विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित 12 दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आज कंपनी गार्डन सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार शर्मा लाफ्टर क्लब, विवेकानंद उद्यान रहे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के योग विभाग के इस जन-जागरूकता अभियान का उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुँचाना, नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना तथा योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने हेतु प्रोत्साहित करना था। बिलासपुर वासियों के लिए बढ़ाया गया विश्वविद्यालय का यह कदम सराहनीय है। यह शिविर योग विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ गौरव साहू के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ। उनके सतत प्रयासों एवं दूरदर्शी सोच के परिणामस्वरूप विभाग निरंतर समाजोपयोगी एवं स्वास्थ्य संवर्धन से जुड़े उत्कृष्ट कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इस शिविर ने न केवल नागरिकों को योग के प्रति जागरूक किया, बल्कि विश्वविद्यालय और समाज के मध्य एक सशक्त सेतु का निर्माण भी किया।

**पहल**

## लायंस स्माइल की अनूठी मुहिम, फलों के बीजों से तैयार होगी हरियाली

बिलासपुर। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने की दिशा में लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल एवं गुलदस्ता फाउंडेशन द्वारा एक अभिनव अभियान शुरू किया गया है। "आम खाया आपने, गुठली लगाएंगे हम" और "फल खाया आपने, छांव पाएगी अगली पीढ़ी" जैसे संदेशों के साथ लोगों को फलों के बीज संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



अभियान के तहत आम, जामुन, तरबूज, खरबूजा, पपीता सहित अन्य फलों के बीजों को फेंकने के बजाय उन्हें धोकर, सुखाकर सुरक्षित रखने और बाद में क्लब के सदस्यों को सौंपने की अपील की गई है। एकत्रित बीजों को आगामी मानसून में उपयुक्त स्थानों पर रोपित कर नए पौधों के रूप में विकसित किया जाएगा। क्लब की अध्यक्ष एवं अधिवक्ता रीता राजगीर ने कहा कि अक्सर लोग फलों के बीजों को कचरा समझकर फेंक देते हैं, जबकि यही बीज भविष्य के विशाल वृक्ष बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति कुछ बीज भी सुरक्षित रखे तो आने वाले वर्षों में हजारों नए पेड़ तैयार किए जा सकते हैं। डॉ ज्योति नामदेव ने बताया कि यह अभियान केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता विकसित करने का भी प्रयास है। उन्होंने कहा कि आज बचाया गया एक छोटा सा बीज कल किसी राहगीर को छांव, पक्षियों को आश्रय और समाज को स्वच्छ वातावरण प्रदान कर सकता है। लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल ने नागरिकों से इस जनहितकारी अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा अधिक से अधिक लोगों तक इसका संदेश पहुंचाने की अपील की है। क्लब का मानना है कि सामूहिक प्रयासों से ही आने वाली पीढ़ियों को एक हराभरा और स्वस्थ पर्यावरण सौंपा जा सकता है।

**जागरूकता**

## यातायात नियमों का स्वेच्छा से करें पालन, लोगों को किया जागरूक

बिलासपुर। स्वास्थ्य व यातायात को लेकर हमेशा सजग रहने वाले एमएल बरसैया ने लोगों को यातायात नियमों को लेकर जागरूक करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन, बिना किसी प्रशासनिक दबाव के स्वेच्छा से करना चाहिए। वाहन चालन के समय हमेशा ध्यान में रखना चाहिए कि घर में कोई उनकी प्रतीक्षा कर रहा है। श्री बरसैया



का कहना है कि नागरिकों की सुविधा के लिए बिलासपुर के नेहरू चौक सहित अन्य सभी चौक-चौराहों में सिग्नल लगाया गया है। लाल बत्ती जलने पर कभी भी सड़क पार न करें। चौक की तरफ आने वाले मार्गों को भी दर्शाया गया है। इसे देख कर सुरक्षित यात्रा की जा सकती है। चौक तक पहुंचने के लगभग 100 मीटर पहले वाहन चालकों को अपना पथ निर्धारण कर लेना चाहिए। इसी प्रकार हरा सिग्नल होने तक अन्य दिशा की ओर जाने वाले वाहनों को अपनी निर्धारित पट्टी पर ही प्रतीक्षा करनी चाहिए अन्यथा एक-दूसरे को व्यावधान होगा। यदि यह प्रक्रिया अन्य ओर के वाहन चालक भी सुनिश्चित कर लें तो दुर्घटना से बची जा सकती है। यातायात सुलभ एवं सुरक्षित होगा। वाहन चालन में मानसिक दबाव से मुक्ति मिलेगी। वाहनों में टूट-फूट एवं रख-रखाव पर कम खर्च होगा। ज्ञात हो कि श्री बरसैया सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता जल संसाधन विभाग हैं।

**संगोष्ठी**

## भारतीय ज्ञान सिद्धांत में मातृ शिक्षा को बढ़ावा

बिलासपुर। सिद्धार्थ महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति- विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति डॉ ललित प्रकाश पटैरिया,विशिष्ट अतिथि के रूप में



कुलपति डॉ संजय तिवारी,डॉ रूपेंद्र कवि छत्तीसगढ़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम कुलपति ने कहा कि भारतीय ज्ञान सिद्धांत में हमारी संस्कृति को बढ़ावा देना, मातृ शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही , साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को छात्र-छात्राओं के लिए सुनहरा मौका बताया,उन्होंने महाविद्यालय द्वारा किए जा रहे इस आयोजन को सराहनीय कार्य कहते हुए इस तरीके से नवाचार करने की बात कही। संजय तिवारी ने इतिहास को जानने व आधुनिक समाज को भारतीय इतिहास की विरासत को समझने के बारे में कहा उन्होंने छात्र-छात्राओं को भारतीय इतिहास को किस प्रकार से आधुनिक शिक्षा नीति में शामिल कर सकते हैं।

खबर संक्षेप

## पिता के साथ मारपीट करने वाले पर जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** पिता के साथ मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार कोडासर निवासी नंद कुमार साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 1 जून को रात्रि 8 बजे वह अपनी पत्नी अनिता बाई साहू के साथ घर के सामने गड्ढा को पटवाने के लिये जेसीबी लगाने के लिये बात कर रहे थे तभी उसका पुत्र निखिल साहू आया और गाली गलौज कर मारपीट कर दी। पुलिस ने धारा 115,2 296 3,5 351,3 के तहत मामला दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## जनदर्शन में मिले 170 से अधिक आवेदन



**मुंगेली।** जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने आम नागरिकों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में 170 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान अतिरिक्त कलेक्टर ने ग्राम करही निवासी लक्ष्मी रजक को छड़ी तथा ग्राम लगरा के दिव्यांग रितेश सोनकर को बैशाखी प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खाड़ीपारा में हाथियों के झुंड ने ढहाया मकान

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत जटगा रेंज में हाथियों का उत्पात एक बार फिर शुरू हो गया है। यहां के बासीन परिसर में विचरण कर रहे 11 हाथियों के झुंड ने बीती रात खाड़ीपारा (धनरास) में रामदल सिंह पिता सरबजीत के मकान को निशाना बनाते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया। तत्पश्चात आगे बढक़र जटगा परिसर पहुंचने के साथ वहां स्थित मेढ़उड़ पहाड़ पर मौजूद 37 हाथियों के दल में शामिल हो गया। वर्तमान में यहां 48 की संख्या में हाथी मौजूद हैं, जिनकी निगरानी वन विभाग द्वारा ड्रोन कैमरे के जरिए की जा रही है।

## निधन

### सहदेव प्रसाद सोनी



**बिलासपुर।** अमोरा तखतपुर निवासी सहदेव प्रसाद सोनी का 2 जून को निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम अमोरा में किया गया। वे राजीव एवं राहुल सोनी के पिता, बब्बू एवं राजा सोनी के चाचा एवं संजय, विजय एवं अजय सोनी के जीजा थे।

### बिमला देवी अग्रवाल



**बिलासपुर।** बी- 104 कुल होम्स रायपुर निवासी श्रीमती बिमला देवी अग्रवाल का निधन हो गया। वे 93 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा 3 जून बुधवार को सुबह 9.30 बजे उनके निवास रायपुर से मुक्तिधाम देवेन्द्र नगर रायपुर जाएगी। वे स्व. बद्रीप्रसाद अग्रवाल की पत्नी, बिल्हा वाले संतोष अग्रवाल एवं अनिल अग्रवाल की माता थीं।

### त्रिवेणी बाई यादव



**बिलासपुर।** ग्राम सकर्रा निवासी स्व. सौपत यादव की धर्मपत्नी त्रिवेणी बाई यादव का 2 जून को निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सकर्रा मुक्तिधाम में किया गया है। वे जलेश्वर प्रसाद यादव की माँ थीं।

### राधेश्याम जायसवाल



**बेलतरा।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी राधेश्याम जायसवाल उम्र 75 वर्ष की आयु में 2 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार का बेलतरा में किया गया। वे गजानन (पप्पू) एवं डॉक्टर विवेकानंद जायसवाल के पिता थे।

### तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

# चाकू से जानलेवा हमला, चार नाबालिग समेत 7 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

ग्राम मोहतरा तेली में हत्या करने की नीयत से चाकूबाजी करने वाले 7 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस आरोपियों में 4 नाबालिग शामिल हैं, जिन्हें बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। घटना में प्रयुक्त चाकू को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

पुलिस के अनुसार विश्राम यादव थाना लोरमी में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 30 दिसंबर 2025 की रात्रि करीबन 10 बजे गांव के पैटू तालाब तरफ गया था। वहां पर उसके गांव के कमलेश यादव व गीताराम यादव दोनों तालाब पार में बैठकर बातचीत कर रहे थे, उसी दौरान 2 मोटर सायकल में 6-7 लोग पहुंचे और बातचीत करते हुए गाली गलौज करने लगे, मना करने पर उन्होंने कमलेश और गीताराम के साथ मारपीट करने लगे। विश्राम यादव ने बीच बचाव किया तो उस पर चाकूनुमा हथियार से सीने के नीचे तथा कमलेश के पेट में वार कर दिया। जिससे प्रार्थी विश्राम यादव व कमलेश को चोटें आई। विश्राम यादव और कमलेश को ईलाज हेतु सीएचसी में भर्ती किया गया। प्राथमिक उपचार उपरांत प्रार्थी को घर जाने तथा कमलेश यादव को ज्यादा चोट होने से जिला अस्पताल रिफर किया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351(3), 115(2), 191(2), 191(3), 190 पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया। विवेचना दौरान आहत कमलेश यादव की चोट गंभीर होने पर प्रकरण में धारा 118(1), 109(1) बीएनएस और जोड़ा गया। दूसरी ओर आरोपी विशाल यादव, राजकुमार यादव, मुकेश चौहान एवं 4 नाबालिगों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। जिसमें उन्होंने जुर्म करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त सब्जी काटने का चाकू 1 नग जब्त किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। 4 विधि से संघर्षरत बालकों को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया।

## धारदार हथियार से युवक पर हमला, आरोपी पकड़ा गया



आरोपी।



घायल।

**तखतपुर।** हत्या की नीयत से धारदार हथियार से हमला करने वाले आरोपी को घटना के कुछ ही घंटों के भीतर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त धारदार गड़ासा जब्त कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार 31 मई की रात ग्राम भिलौनी स्थित तिरथा प्लांट में एक हत्या हुई थी जिसके प्रार्थी ने थाना तखतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह दिशा मैदान के लिए गया था। इसी दौरान तिरथा प्लांट परिसर में कुछ लोगों के बीच विवाद और मारपीट की आवाज सुनाई दी। प्लांट में आम की रखवाली कर रहे चौकीदार शेखर सोनकर उर्फ शेखर खटिक 19 वर्ष निवासी चिंगराजपारा, देवांगन चाल, चांटीडीह, थाना सरकंडा हाथ में लोहे का धारदार गड़ासा लेकर वहां पहुंचा और सरूप यादव जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। शक है कि शेखर ने सरूप यादव की हत्या की नीयत से उसके सिर पर गड़ासा से प्राणघातक हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी के खिलाफ धारा 109,296,351,3 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



## वनांचल में अवैध रेत खनन करते पांच ट्रैक्टर जब्त



**लोरमी।** वनाचंल के भूतकछार क्षेत्र स्थित भुकूनाला में अवैध रूप से रेत का खनन करते वन विभाग ने पांच ट्रैक्टर को जब्त किया है। विभाग राजसात की कार्रवाई करेगा।

जानकारी के अनुसार 2 जून नको सुबह 7 बजे ख़ुड़िया वन परिक्षेत्र के भूतकछार बीट के भुकुनाला में अवैध रूप से रेत खनन की सूचना वनपरिक्षेत्र अधिकारी अनिरुद्ध कश्यप को मिली। वनमण्डलाधिकारी अभिनव कुमार के निर्देश पर उपवनमण्लाधिकारी लोरमी दशांश सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में टीम गठित कर छापामार कार्रवाई की गई। भूतकछार परिवृत के भूतकछार बीट कक्ष क्रमांक 487 आरएफ में पांच ट्रैक्टर ट्राली सहित अवैध रूप से रेत खनन करते हुए पकड़ा गया जिस पर वन अपराध प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि महीने भर पहले भुकुनाला में पहले अवैध रेत खनन का मामला प्रकाश में आया था, जिस पर विभाग की कार्रवाई के बाद खनन माफिया ने वनकर्मियों पर हमला कर दिया था। कार्रवाई में वनपाल विजय पांडे, जयंत सिंह राजपूत, रामनारायन कोल, योगेश बरेठ, पदुम सिंह नेताम, हरिश्चंद्र राजपूत सहित वनकर्मी शामिल रहे। वनपरिक्षेत्र अधिकारी अनिरुद्ध कश्यप ने बताया कि वनक्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ़ कार्रवाई जारी रहेगी। ट्रैक्टर को राजसात करने की तैयारी की जारी रही है।



## कोठार में रखे पैरावट में लगी आग

**तखतपुर।** कोठार में रखा हजारों रुपए का पैरा आग लगने से जलकर राख हो गया।

जानकारी के अनुसार पडरिया निवासी अनुज राम पाली के कोठार में रखे बैसाखू मरावी और अनुजराम पाली के दो बड़े बड़े पैरों के ढेर में रात में आग लगने से कोठार में रखे लगभग 15 ट्रैक्टर पैरा पूरी तरह से जलकर राख हो गया। घटनास्थल पर देखने से ऐसा लगता है कि किसी ने जानबूझकर पैरा में आग लगाई है क्योंकि दोनों पैरों के ढेर लगभग 15 फीट दूर में रखा गया है लेकिन दोनों पैरावट में बीच से अलग से पैरा बिछाया गया है जिससे जिससे आग एक ढेर से दूसरे ढेर में आसानी से चली जाए। देखने से ऐसा लगता है कि किसी ने दुर्भावना से पैरा के ढेर में आग लगाई है। सूचना पर मामले को जांच में लिया गया है।

## अवैध धान परिवहन पर कार्रवाई, व्यापारी से 20 हजार रुपये मंडी शुल्क की वसूली



लोरमी। कृषि उपज मंडी समिति द्वारा मंडी क्षेत्रांतर्गत अवैध रूप से धान का परिवहन किए जाने पर उरइकछार के व्यापारी के विरुद्ध कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई करते हुए 5 गुना अधिक मंडी शुल्क की वसूली की गई। जानकारी के अनुसार मंडी निरीक्षण दल ने 1 जून 2026 को ग्राम लछनपुर में वाहन क्रमांक सीजी 4 एनएक्स 1037 को जांच के लिए रोका।

वाहन में लगभग 300 कट्टी धान परिवहन किया जा रहा था। जांच के दौरान चालक एवं व्यापारी से धान के परिवहन संबंधी आवश्यक दस्तावेज, जैसे सौदा पत्रक, अनुज्ञा एवं मंडी रसीद प्रस्तुत करने को कहा गया, किन्तु कोई भी वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया जा सका। दस्तावेजों के अभाव में कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यापारी से 20,360 (5 गुना मंडी शुल्क) की राशि वसूल की गई। मंडी सचिव कमलकांत ने बताया कि मंडी क्षेत्र में अवैध कृषि उपज परिवहन एवं व्यापार पर रोक लगाने हेतु लगातार निरीक्षण एवं जांच अभियान चलाया जा रहा है। मंडी शुल्क का अपवंचन करने वाले एवं बिना वैध दस्तावेजों के कृषि उपज का परिवहन एवं क्रय-विक्रय करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को किया गया जागरूक



**मुंगेली।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिले में तंबाकू एवं निकोटीन उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. गिरीश कुर्रे के मार्गदर्शन में नर्सिंग महाविद्यालय में निकोटीन और तंबाकू की लत का पर्दाफाश थीम पर जन-जागरूकता कार्यक्रम, रैली, रंगोली, पोस्टर पेंटिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों, विशेषकर कैंसर और हृदय रोगों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए आकर्षक पोस्टर, रंगोली और स्लोगन प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली के दौरान "तंबाकू छोड़ें, जीवन से जुड़ें", "तंबाकू को कहें ना, स्वस्थ जीवन को कहें हाँ" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। साथ ही आमजनों को तंबाकू के दुष्प्रभावों से संबंधित जानकारी देने के लिए जागरूकता सामग्री का वितरण भी किया गया। जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) डॉ. कासिम कुरैशी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को तंबाकू और निकोटीन उत्पादों से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय के कक्ष क्रमांक-13 में तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र संचालित किया जा रहा है, जहां आधुनिक मशीनों से जांच सुविधा उपलब्ध कराए जा रहा है। कार्यक्रम में साइकोलॉजिस्ट ओमप्रकाश साहू एवं सोशल वर्कर बलराम सिंह साकत ने प्रतिभागियों को कोटपा अधिनियम-2003 के प्रावधानों एवं तंबाकू नियंत्रण संबंधी कानूनी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी।

## किसानों को खाद-बीज उपलब्ध कराने प्रशासन प्रतिबद्ध



खाद ले जाते किसान।

**मुंगेली।** खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही जिले के किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन और कृषि विभाग पूरी सक्रियता के साथ कार्य कर रहे हैं।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में रासायनिक उर्वरकों के भंडारण, वितरण और निगरानी की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे किसानों को खेती-किसानी के कार्यों में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिले में वर्तमान में सहकारी, निजी एवं डबल लॉक केंद्रों सहित कुल 25 हजार मीट्रिक टन से अधिक रासायनिक उर्वरक उपलब्ध है। सहकारी क्षेत्र में अब तक 14 हजार 217 मीट्रिक टन से अधिक उर्वरकों का भंडारण किया गया है, जिसमें यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी एवं म्यूरेट ऑफ पोटॉश शामिल हैं। वहीं निजी क्षेत्र में 10 हजार 727 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध कराया गया है। इसके अतिरिक्त डबल लॉक केंद्रों में 04 हजार 208 मीट्रिक टन तथा निजी थोक विक्रेताओं के पास 01 हजार 213 मीट्रिक टन उर्वरक सुरक्षित रूप से उपलब्ध है।

किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से अब तक 05 हजार 668 मीट्रिक टन तथा निजी विक्रेताओं के माध्यम से 06 हजार 829 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक का वितरण किया जा चुका है। इसके साथ ही जिले की 66 सहकारी समितियों में 12 हजार 412 क्विंटल बीज का भंडारण किया गया है, जिसमें मुख्य रूप से धान एवं अरहर के बीज शामिल हैं। निजी क्षेत्र के 200 से अधिक केंद्रों में भी लगभग 01 हजार 50 क्विंटल बीज उपलब्ध है। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि जिले में रासायनिक उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है तथा लगातार नई खेप भी पहुंच रही है। ऐसे में किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक प्रचार पर ध्यान न दें और आवश्यकता अनुसार ही खाद का क्रय करें। प्रशासन किसानों को निर्बाध रूप से खाद एवं बीज उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## एकलव्य स्कूल के लिए मंगाए गए आवेदन

**मुंगेली।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं वाणिज्य संकाय में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यालय में अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए 15 बालक एवं 15 बालिका, कुल 30 रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों की मेरिट सूची कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर तैयार की जाएगी।

विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं प्रवेश दिशा-निर्देश 2026-27 के अनुरूप संचालित की जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी 13 जून तक विद्यालय कार्यालय से सुबह 10 से शाम 5 बजे के तक आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ कक्षा 10वीं की अंकसूची की छायाप्रति, पासपोर्ट आकार के फोटो एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर निर्धारित तिथि तक कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा से सम्पर्क किया जा सकता है।

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक /Q/ तह. / वाचक / 2026
बिलासपुर दिनांक 25/05/2026

ग्राम कुदुदण्ड के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम कुदुदण्ड प.ह.न. 34 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 1/3 रकबा 0.0850 हे. भूमि का नक्शा बटांकन के लिए आवेदक राजेन्द्र कश्यप पिता होरीलाल कश्यप निवासी कुदुदण्ड तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा नक्शा बटांकन किये जाने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा बी-1, विक्रय पत्र सहित पेश किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 15/06/2025 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेगे।

आज दिनांक 25/05/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
कमांक/क / तह. / वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 26/05/2026

ग्राम- कुदुदण्ड के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम कुदुदण्ड प.ह.न. 34 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 264/22 रकबा 0.0240 हे. भूमि का छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 109, 110 अंतर्गत फौती नामांतरण के लिए आवेदक श्री हरिश सिंह क्षत्रिय पिता स्व. श्री प्रताप सिंह क्षत्रिय निवासी विकास नगर बिलासपुर तहसील-बिलासपुर जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा पंजीकृत विकय विलेख के माध्यम से कय करने/ खातेदार के फौत होने / वसीयत / दान से प्राप्त होने के कारण अपने नाम पर वाद भूमि का नामांतरण किये जाने हेतु अंतर्गत छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110, के तहत आवेदन पत्र, शपथपत्र, बी-1, पांचसाला खसरा, नक्शा सहित पेश किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉक 28/06/2026 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनॉक 26/05/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

आवेदन क्रमांक B-386/2
**प्रारूप क्रमांक - 10**
**(नियम 13 देखिए)**
**अनुपलब्धता प्रमाण पत्र**
(जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 की धारा 17 के अधीन जारी किया गया)

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री / श्रीमती/कुमारी मनोज कुमार राजपूत पिता/पति श्री द्वारिका राजपूत के निवेदन पर वर्ष (वर्षो) 1989 स्थानीय क्षेत्र परसदा थाना पथरिया तहसील पथरिया जिला मुंगेली राज्य छत्तीसगढ़ के रजिस्ट्रीकरण अभिलेख की तलाशी की गई और पाया गया कि मनोज कुमार राजपूत पिता/पति श्री द्वारिका राजपूत के जन्म/मृत्यु सम्बन्धी घटना रजिस्ट्रीकृत नहीं है।
दिनांक..............
रिमार्क..............

**जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु)**
**एवं**
**जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी जिला-मुंगेली**

**नोट**-आवेदक संबंधित तहसील के तहसीलदार से जन्म मृत्यु पंजीयन संबंधी आदेश प्राप्त कर संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव से पंजीयन कराकर जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करें।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I EISHAR AGARAWAL S/o Amit Agrawal have Changed my Old Name EISSHAR AGRAWAL Resident of P34/C, R-5 Jain Mandir Road, Kranti Nagar, Bilaspur (C.G.) so in Future I Should be Recognised by new name that is EISSHAR AGRAWAL in all Government and Other Documents.

EISSHAR AGRAWAL
P34/C, R-5 Jain Mandir Road, Kranti Nagar, Bilaspur (C.G.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग.
सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र

प्रति आवेदक/आवेदिका के. एल. आर. नायडु पिता. के.एस. नायडू बिलासपुर आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूस्वामी 1. केजाराम 2. कुंजबिहारी 3 उद्यो 4. अन्य हितबद्ध सरहदी भूमिस्वामी
विषय :- सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतू सूचना के संबंध में।

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक / आवेदिका के.एल. आर.नायडू पिता के. एस. नायडू जाति तेलगू निवासी बिलासपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम नगरौड़ी प.ह.न. 03 रा.नि.म. व तहसील बोदरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 282/2 रकबा 0.202 हेक्टेयर के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर / सीमांकन किये हेतु न्याया. नाय. तहसीलदार बोदरी में छ.ग.म. रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 08.06.26 को 11 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

टीप :- उपरोक्त सीमांकन/मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है

रा.नि. बोदरी
तहसील बोदरी जिला बिलासपुर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण एवं संबंधितों को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण कमश:-श्री दारा सिंह राजपूत पिता-श्री तीरथ सिंह राजपूत, निवासी-वार्ड नं.-20, आनंद नगर मंगला बिलासपुर छ.ग., श्री नीलेश सिंह राजपूत पिता-श्री दारा सिंह राजपूत निवासी-वार्ड नं.-20, आनंद नगर मंगला बिलासपुर छ.ग., संदीप पाण्डेय पिता-श्री विनोद कुमार पाण्डेय निवासी गली नं.-एल-4, वार्ड नं.-14, विनोबा नगर बिलासपुर छ.ग. एवं श्री सौरभ खेतान पिता-श्री सुनील खेतान निवासी-जी.ई. रोड, ऐश्वर्या रेसीडेंसी तेलीबांधा रायपुर छ.ग. के द्वारा श्री विपुल कुमार वर्मा आत्मज-श्री दिनेश वर्मा निवासी-गंगा नगर, सेक्टर-2, मंगला बिलासपुर, श्री राजेश राजपूत आत्मज-श्री तुकाराम राजपूत निवासी मंगला बिलासपुर, योगेश सिंह ठाकुर आत्मज-श्री रामपाल सिंह निवासी-18/205, सहगल गली, तेलीपारा बिलासपुर को भागीदारी फर्म मेसर्स त्रिभुवन इंफा में मार्केटिंग पार्टनर बनाने के संबंध में एक अनुबंध दिनांक 26/09/2024 को निष्पादित किया गया था, परंतु अन्य भागीदारों के द्वारा उसके संबंध में सहमति नही होने के कारण वह अनुबंध अवैध, शून्य एवं निष्प्रभावी होने के कारण मेरे पक्षकारों के द्वारा विधिक सूचना पत्र के द्वारा निरस्त कर दिया गया है। अतएव कोई भी व्यक्ति उक्त अवैध, शून्य, निष्प्रभावी एवं निरस्त अनुबंध दिनांक 26/09/2024 के आधार पर त्रिभुवन इंफा भागीदारी फर्म की ग्राम-हाफा, स्थित भूमि या कोई सम्पत्ति उपरोक्त श्री विपुल कुमार वर्मा, श्री राजेश राजपूत, श्री योगेश सिंह ठाकुर, एवं श्री विकास कुमार वर्मा से क्रय करने या अन्यथा अंतरण के संबंध में कोई करार, अनुबंध, संविदा या संव्यवहार न करे, अन्यथा उक्त संबंध में वे स्वयं जिम्मेदार रहेंगे, तथा उक्त संबंध में मेसर्स त्रिभुवन इंफा भागीदारी फर्म एवं उसके भागीदार किसी भी तरीके से दायित्वाधीन नही रहेंगे। मेसर्स त्रिभुवन इंफा भागीदारी फर्म की परिसम्पत्तियों के संबंध में मेसर्स त्रिभुवन इंफा पंजीकृत भागीदारी फर्म के भागीदारों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति या एजेंसी को भूखंड आदि विक्रय करने का अधिकार भागीदारी फर्म मेसर्स त्रिभुवन इंफा द्वारा नही दिया गया है। तदानुसार सूचना जाने, एवं व्यवहार करे।
रायपुर छ.ग.
दिनांक 2/6/2026

सुधांशु शेखर शुक्ला
अधिवक्ता बूढ़ापारा रायपुर छ.ग.
मो.नं.-98271-95657

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
-:: ईश्तहार ::-
राजस्व प्रकरण क्रमांक-170/अ-20 (1)/2024-2025
पक्षकार मुकेश कुमार वर्मा :: वर्मा पिता स्व: गोपीनाथ वर्मा आवेदक
**विरूद्ध**
छत्तीसगढ़ शासन........... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश कुमार वर्मा पिता स्व.गोपीनाथ वर्मा निवासी जूनीलाईन बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा स्वत:/ अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला-जूनीलाईन शीट नंबर 28 प्लाट नंबर 1 रकबा 1125 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर आवासीय/व्यवसायिक उपयोग हेतु उसके नाम से स्वीकृत हैं। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 31.03.27 के लिये आवेदक/आवेदिका अगले 30 वर्षों के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक/आवेदिका की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित है।

अत: इस संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 17/06/2026 को स्वत:/ अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में शाम 5.30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात तिथि/समय में आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं आवेदक/आवेदिका की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 01.06 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

### हादसे में गई थी 13 से अधिक यात्रियों की जान

# लालखदान हादसा : 180 दिन बाद भी सीआरएस की फाइनल रिपोर्ट नहीं

लालखदान में हुए रेल हादसे में 13 से अधिक यात्रियों की मौत और 20 से अधिक यात्रियों के घायल होने के बाद सीआरएस ने जांच की। प्रारंभिक रिपोर्ट में रेलवे को उनकी गलती के संबंध में जानकारी दी गई, ताकि आगामी दिनों में इस तरह के हादसे दोबारा न हो। वहीं रेलवे के नियम के अनुसार 180 दिन होने के बावजूद अब तक सीआरएस की फाइनल रिपोर्ट जोन और डिवीजन स्तर पर नहीं पहुंची है, जिसका इंतजार उच्चाधिकारी भी कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गौरतलब है कि नवम्बर 2025 में कोरबा से बिलासपुर की ओर आ रही लोकल मेमू ट्रेन की अप लाइन पर खड़ी मालगाड़ी से जबरदस्त टक्कर हो गई थी। इस टक्कर के दौरान लोकल ट्रेन के इंजन, ब्रेक यान सहित दो यात्री कोच भी मालगाड़ी के वैगन के ऊपर चढ़ गए। इस टक्कर से लोकल ट्रेन में सफर कर रहे 13 से अधिक यात्रियों की मौके और हास्पिटल में उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं 20 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मरने वालों में लोकल ट्रेन का चालक भी शामिल था।

■ 20 से अधिक यात्री हुए थे घायल, मच गई थी भगदड़

वहीं घायल असिस्टेंट लोको महिला पायलट की स्थिति में वर्तमान में काफी सुधार हो गया है। इस घटना के बाद मृतकों के परिजन को 10 लाख रुपए और घायलों के परिजन को 5 लाख रुपए रेलवे की ओर से प्रदान किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए घटना की जांच करने की जिम्मेदारी दक्षिण पूर्व सर्किल कोलकाता के रेल सुरक्षा आयुक्त बीके मिश्रा को दी गई। सीआरएस दूसरे दिन जांच करने के लिए बिलासपुर स्टेशन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घटना स्थल की जांच करने के बाद इलेक्ट्रिकल ओपी, आपरेटिंग, एसएंडटी, इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, कोचिंग डिपो, इलेक्ट्रिकल, मेडिकल सहित अन्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से पूछताछ भी की। पूछताछ और जांच के बाद सीआरएस रवाना हो गए। प्रारंभिक रिपोर्ट में केवल उनकी ओर से रेलवे की गलती के कारण हादसे की जानकारी दी गई। वहीं कई अधिकारियों और कर्मचारियों को दोषी मानते हुए ट्रांसफर भी कर दिया गया था।



फाइल फोटो

#### नियम 180 दिन का

रेल अफसरों के अनुसार रेल सेफ्टी कमिश्नर की जांच करने के बाद प्रारंभिक रिपोर्ट तो जोनल और डिवीजन स्तर पर दी जाती है। वहीं बड़े हादसे की जांच और पूछताछ में काफी समय लग जाता है। इस जांच के बाद सीआरएस वापस जाकर उसका गहन अध्ययन करते हैं, जिसके लिए रेलवे बोर्ड की ओर से फाइनल रिपोर्ट बनाने का समय 180 दिन निर्धारित किया गया है। यह फाइनल रिपोर्ट बनाने के बाद सीआरएस पहले रेलवे बोर्ड स्तर पर देते हैं, जिसमें सारे तथ्यों को चेक करने के बाद रेलवे बोर्ड जोनल स्तर पर और जोनल स्तर से डिवीजन स्तर पर रिपोर्ट पहुंचती है। इसकी वजह से रिपोर्ट में काफी समय लग जाता है।

## अतिरिक्त ट्रांसफार्मर के लिए राजेंद्र ने कार्यपालक निर्देशक को सौंपा ज्ञापन

**बिल्हा।** बिल्हा ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्र में आए दिन हो रही बिजली समस्या के कारण लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विभाग द्वारा मेंटेनेस के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है।

ग्रामीणों की ओर सुशासन तिहार में लगाए गए आवेदन पर त्वरित कार्यवाही नहीं होने पर कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला ने सेवार गांव के ग्रामीण जन सहित मुख्य बिजली कार्यालय तिफरा पहुंचकर कार्यपालक निर्देशक आलोक अम्बस्ट, कार्यपालक अभियंता अनुपम सरकार व सहायक अभियंता हरिश कुर्रे को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि बिल्हा क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती व सेवार, धौराभाठा, मोहदा, अमेरी - अकबरी, दगौरी, सरवानी में केबल बदलाव व पास हुए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया जाए। एक सप्ताह के भीतर त्वरित निराकरण नहीं होने पर आंदोलन व कार्यालय घेराव की चेतावनी दी गई। जिस पर अधिकारियों द्वारा तुरंत कार्य करवाने हेतु आश्वासन देते हुए ग्राम सेंवार व दगौरी के लिए ट्रांसफार्मर भेजा गया। इस दौरान इस दौरान डीपी कान्त, शंकर वर्मा, फागुराम मनहर, जवाहर मेरसा, गौतम सूर्यवंशी, परमानंद वैष्णव, जितेन्द्र, पूर्व नेता प्रतिपक्ष शिव यादव, शुभम सिंह, पंकज डहरिया, धनंजय तिवारी सहित समस्त जन उपस्थित रहे।



### कार्यपालन अभियंता से मिलकर बताई बिजली की समस्या

**मल्हार।** जनपद पंचायत मस्तूरी क्षेत्र क्रमांक-17 के सदस्य जवाला प्रसाद बंजारे ने क्षेत्र में व्याप्त विद्युत समस्याओं को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ग्राम पंचायत डंगनिया के आश्रित ग्राम बिनैका एवं ग्राम पंचायत बकरकुदा में बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और बढ़ते विद्युत भार के अनुरूप आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि बिनैका गांव में लगातार बढ़ रहे विद्युत भार के कारण उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज, बार-बार बिजली गुल होने और उपकरणों के प्रभावित होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की मांग और आवश्यकता को देखते हुए गांव में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाने की जरूरत है। इसके साथ ही सुरक्षित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए केबलीकरण कार्य कराने की भी मांग की गई है। ज्ञापन में बिनैका के तालाब क्षेत्र में विद्युत लाइन विस्तार और सुरक्षा की दृष्टि से नए बिजली खंभों की स्थापना का भी उल्लेख किया गया है। वहीं ग्राम पंचायत बकरकुदा के आवासपारा में बढ़ते विद्युत भार को देखते हुए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने की मांग रखी गई है, ताकि ग्रामीणों को बेहतर बिजली सुविधा मिल सके।



### 37 वर्षों की शासकीय सेवा के बाद धनी सिंह सेवानिवृत्त

**पथरिया।** जल संसाधन विभाग में अमीन पद पर कार्यरत सेन्द्री निवासी धनी सिंह कंवर 31 मई को सेवानिवृत्त हो गए। कंवर ने 12 अक्टूबर 1989 को तत्कालीन रीवा संभाग, मध्य प्रदेश में अपनी शासकीय सेवा प्रारंभ की थी। उनकी प्रथम पदस्थापना उप संभाग मुंगेली में हुई थी। लगभग 37 वर्षों तक विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्होंने विभागीय कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सेवा अवधि के दौरान कंवर अपनी कार्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं सरल व्यवहार के लिए जाने जाते रहे। इस अवसर पर सहकर्मियों ने उनके लंबे सेवाकाल को याद करते हुए कहा कि कंवर ने सदैव विभागीय दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया तथा अपने अनुभव से विभाग को लाभान्वित किया। उनके सेवानिवृत्त होने पर विभागीय परिवार ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।



### व्याख्याता केदारनाथ हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई

**सिलदहा।** सिलदहा निवासी हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ व्याख्याता केदारनाथ वर्मा 31 मई को सेवानिवृत्त हुए। इस मौके पर स्कूल में शासन की प्रक्रिया के अनुसार शिक्षकों की उपस्थिति में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। केदारनाथ वर्मा स्कूल में बच्चों और शिक्षकों के बीच अच्छे व्यवहार के लिए जाने जाते हैं। इसके बाद केदारनाथ वर्मा द्वारा अपने निवास सिलदहा में सेवानिवृत होने के उपलक्ष्य में अपने परिवार और और शिक्षकों के साथ प्रीतिभोज एवं सम्मान कार्यक्रम रखा गया, जिसमें बड़ी संख्या में परिजन, मित्र एवं सहकर्मी शामिल हुए।



### सेवानिवृत्ति पर पटेल को दी गई विदाई

**मुंगेली।** सहकारिता विभाग अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मुंगेली के वरिष्ठ कर्मचारी सहदेव पटेल के सेवानिवृत्त होने पर विभाग एवं सहकर्मियों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि कृषक रत्न खूबचंद बघेल अवार्ड से सम्मानित श्रीकांत गोवर्धन, समिति में कई बार अध्यक्ष रहे दिनेश पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि, शाखा प्रबंधक देवेन्द्र देवांगन, सहायक नोडल भरत कौशिक, विशिष्ट अतिथि, समारोह की अध्यक्षता नोडल अधिकारी संतोष ठाकुर ने की। समिति के अध्यक्ष होरीलाल सोनकर, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष भोला राम यादव अतिथि रहे। इस अवसर पर राजेश पटेल, पूर्व संस्था प्रबंधक विजय सोनी, बसंत निर्मलकर, दाउ सिंह ठाकुर, आशीष सोनी, ओमप्रकाश देवांगन, अनिल दुबे, राकेश दुबे सहित बड़ी संख्या में कृषक मौजूद थे।



## भक्ति और समर्पण के साथ हनुमान चालीसा पाठ का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

घुंडूकापा में आयोजित 151वें साप्ताहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का भक्तिमय वातावरण में समापन हुआ। धार्मिक आस्था और सामूहिक एकता का यह अनुपम आयोजन पूरे ग्राम के लिए श्रद्धा, सेवा और सद्भाव का प्रतीक बनकर उभरा।

कार्यक्रम में ग्रामवासियों के साथ-साथ आसपास के पड़ोसी गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। हनुमान जी की स्तुति और चालीसा पाठ के दौरान पूरा वातावरण भक्तिरस में सराबोर रहा। छोटे-छोटे बच्चों, मातृशक्ति, युवाओं एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए आयोजन को यादगार बना दिया। चालीसा पाठ के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भव्य प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। प्रसाद के रूप में रोटी, सब्जी, मिठाई, बूंदी, लड्डू सहित विभिन्न व्यंजन प्रेम और श्रद्धा के साथ वितरित किए गए। भक्तों ने इसे प्रभु की कृपा का प्रसाद मानकर ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की।इस पुण्य आयोजन को सफल बनाने में अनेक श्रद्धालुओं एवं दानदाताओं का विशेष योगदान रहा।



जिनमें चंद्र कुमार साहू, दीनदयाल साहू, टीकाराम साहू, विकास साहू, चंद्रप्रकाश दीक्षित, मनोज साहू, किशोरी लाल साहू, जितेंद्र साहू, निलेश कुमार साहू, दिवाकर साहू, अनिल साहू, तुकाराम साहू, नारायण साहू, मनोहर साहू, सोनी यादव, मोतीलाल साहू, हरिशंकर साहू, रमेश साहू, भोलाराम साहू, हलधर साहू, सीताराम निर्मलकर, तुलाराम साहू, गुरु साहू, मनमोहन साहू, पवन साहू, ओम प्रकाश साहू, मुकेश गुरुजी, रामानंद साहू एवं रामचंद्र साहू सहित समस्त ग्रामवासियों शामिल रहे।

### राजपूत क्षत्रिय समाज ने मनाई महाराणा प्रताप की जयंती




**बिलासपुर।** महामाया की नगरी रतनपुर में राष्ट्र गौरव महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विशिष्ट अतिथि कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, संजय सिंह राजपूत राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी निषाद पार्टी मौजूद थे। अध्यक्षता तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने की। कार्यक्रम में राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा संजय सिंह राजपूत का स्वागत किया गया। इसके साथ ही 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों व वरिष्ठजन को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नैन सिंह परिहार, विनोद सिंह, विमल सिंह, रतनपुर राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष आतिश सिंह, पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह सहित सैकड़ों सदस्य शामिल हुए।

## समाज के अंतिम व्यक्ति तक हो न्याय की पहुंच



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी की अध्यक्षता में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की मासिक रिव्यू कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आमजन तक निःशुल्क विधिक सहायता पहुंचाने, नालसा की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मासिक कार्य प्रतिवेदन, जेल निरीक्षण, विधिक सहायता शिविरों, हेल्प डेस्क की गतिविधियों तथा बंदियों और उनके परिजनों को उपलब्ध कराई जा रही विधिक सेवाओं की समीक्षा की गई। साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती मेरावी ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने नशा मुक्ति अभियान, बच्चों की सुरक्षा, अनुसूचित जनजाति समुदाय की समस्याओं के समाधान, बालिका शिक्षा के प्रोत्साहन, वन क्षेत्रों में वन्य प्राणियों से प्रभावित लोगों की सहायता तथा पीड़ति एवं अपराधियों के निर्दोष परिजनों के कल्याण संबंधी योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में जेल में निरुद्ध बंदियों से मिलने आने वाले परिजनों को विधिक जानकारी उपलब्ध कराने, उनकी सुविधाओं में वृद्धि करने तथा विधिक साक्षरता अभियान को और व्यापक बनाने पर विशेष बल दिया गया। इसके अलावा लंबित, निराकृत, दोषमुक्त एवं दोष सिद्ध प्रकरणों की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण पैरवी और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं प्रथम व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ श्रेणी) श्रीमती जसविंदर कौर अजमानी मलिक, व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) एवं प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश नारायणी कच्छप, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम मुंगेली के चीफ टीकम चंद्राकर, डिप्टी चीफ राजेश कुमार मिरे, असिस्टेंट द्रौपती कश्यप, रतिराम बर्मन एवं जयकुमार डहरिया उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल के फिजियोथैरिपी विभाग से मरीजों को मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं और मरीज-केंद्रित उपचार के कारण जिला चिकित्सालय मुंगेली अब न केवल जिले बल्कि आसपास के जिलों और अन्य राज्यों के मरीजों के लिए भी भरोसे का केंद्र बनता जा रहा है।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. गिरीश कुर्रे के मार्गदर्शन तथा सिविल सर्जन डॉ. एमके राय के प्रयासों से जिला अस्पताल का फिजियोथेरेपी विभाग वर्षों पुराने दर्द और शारीरिक अक्षमता से जूझ रहे मरीजों के जीवन में नई उम्मीद जगा रहा है। मुंगेली के गोल बाजार निवासी नकुल साहू, जो लकवा होने के बाद लगभग एक वर्ष तक चलने-फिरने में असमर्थ थे, आज 9 माह की नियमित फिजियोथेरेपी के बाद सामान्य जीवन जी रहे हैं। उनकी यह सफलता उन सैकड़ों मरीजों के लिए प्रेरणा बन गई है, जो गंभीर बीमारी या चोट के बाद निराश हो चुके थे। इसी तरह मध्यप्रदेश के शहडोल निवासी आतिश दास, जो पिछले तीन वर्षों से बिस्तर पर थे और चलने की उम्मीद छोड़ चुके थे, आज जिला चिकित्सालय की फिजियोथेरेपी सेवाओं के कारण अपने पैरों पर खड़े होकर सामान्य जीवन जी रहे हैं। वहीं मुंगेली की सरिता बाजपेयी, जो एक वर्ष तक कमर झुकाकर चलने को मजबूर थीं, अब सहज रूप से चल-फिर रही हैं। लोरमी के सारथु राम, जो 5-6 वर्षों से कंधे के असहनीय दर्द से परेशान थे, तथा बलौदाबाजार के रमेश सिंह, जो 8 वर्षों से कमर दर्द से जूझ रहे थे, उन्हें भी फिजियोथेरेपी उपचार से राहत मिली है। इसके अलावा मुंगेली की निशा यादव, जो लिगामेंट ऑपरेशन के बाद घुटनों के दर्द और जकड़न से परेशान थीं, अब सामान्य गतिविधियां करने में सक्षम हैं। सिविल सर्जन डॉ. एम.के. राय ने इस उपलब्धि के लिए फिजियोथेरेपी विभाग के प्रभारी डॉ. उत्कर्ष पाठक एवं पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए विभाग निरंतर प्रयासरत है।




### मनमोहक प्रस्तुति ने बटोरी दर्शकों की तालियां

## संगीत महाविद्यालय के छात्रों ने दी दमदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

बीआर साव स्मृति समन्वय कला संगीत महाविद्यालय द्वारा आयोजित मासिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'स्वर संवाद' में विद्यार्थियों और अतिथि कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में संरक्षक संजीव गुप्ता, जेठमल कोटड़िया, अमिताभ वैष्णव सहित धनेश सोलंकी, सईद खान, राजकुमार कश्यप, डॉ. शिव पाल सिंह सिदार, एम.डी. रामपाल सिंह, रामकिंकर सिंह परिहार, रघुवंश परिहार, सुरेश देवांगन, आशीष सोनी, इरफान खान, अब्दुल अजीज, गोविंद मक्कड़ एवं प्रवीण साधु सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संगीत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गायन के विद्यार्थियों भूपेंद्र कोसले एवं वेदांश तंबोली ने अलंकार प्रस्तुत किया। तबला वादन में विक्की निषाद, काव्यांश तंबोली एवं मुरारी वैष्णव ने दादरा, कहरवा और तीनताल की प्रस्तुति देकर सराहना बटोरी। कथक नृत्य में रितीशा अग्रवाल एवं काव्या साहू ने तोड़ा-टुकड़ा प्रस्तुत किया, जबकि भूपेंद्र पटेल, करण निर्मलकर एवं शालू मसीह ने बैंजो पर अलंकार प्रस्तुत किया। हिमांशु साहू, चमन साहू एवं निखिल साहू ने गतका मार्शल आर्ट का रोमांचक प्रदर्शन किया। अतिथि कलाकारों के मंच पर आने से पूर्व कथक के विद्यार्थी रामप्रसाद निषाद ने विष्णु वंदना प्रस्तुत की। अतिथि कलाकारों में सर्वप्रथम गोविंद मक्कड़ ने तीनताल में तबला सोलो प्रस्तुत किया। इसके बाद खैरागढ़ के सागर सिंह ने भरतनाट्यम की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, वहीं कुमारी स्नेहा शर्मा ने कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। संस्था के अध्यक्ष रविशंकर शर्मा ने बताया कि 'स्वर संवाद' कार्यक्रम प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित किया जाएगा। इसमें विद्यार्थियों का मासिक मूल्यांकन, अभिभावक बैठक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ विभिन्न कला विधाओं के कलाकारों को मंच प्रदान किया जाएगा।




### शिक्षक एवं ग्रामीणों ने पक्षियों के लिए रखा दाना-पानी

**लोरमी।** शासकीय प्राथमिक शाला गुनापुर में शिक्षक एवं ग्रामीणों ने पक्षियों के लिए दाना-पानी इस अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को पक्षियों के संरक्षण, जल बचाव और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया गया। गर्मी में पक्षियों को तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दाना पानी मिल पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे समय में पक्षियों के लिए भोजन और पानी उपलब्ध कराने के अभियान के जरिए प्रकृति प्रेम, जीव जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर शाला परिसर में शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष दीपक साहू, ग्रामवासी सोंकुवर बैगा, फूलबाई बैगा, कुमारी बाई साहू सनत कुमार बैगा, प्यारेलाल साहू, भूरेलाल साहू, अघनिया विषाद, कोमल यादव आदि उपस्थित रहे।



### उपचुनाव: ओखर से फुलेश्वरी निर्विरोध गिधपुरी में बबलू को मिली जीत



**मल्हार।** ग्राम पंचायत ओखर के पंचायत उपचुनाव में भाजपा समर्थित फुलेश्वरी बलराम साहू निर्विरोध निर्वाचित हुए। उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी मंडल मल्हार क्षेत्र में भाजपा का दबदबा रहा। मल्हार मंडल की ओखर ग्राम पंचायत तथा गिधपुरी ग्राम पंचायत में उपचुनाव संपन्न हुआ जिसमें भाजपा समर्थित दोनों प्रत्याशियों की जीत हुई। ओखर ग्राम पंचायत के वार्ड क्रमांक 20 में भाजपा के बुथ अध्यक्ष बलराम साहू की पत्नी फुलेश्वरी साहू निर्विरोध निर्वाचित हुईं। इसी प्रकार गिधपुरी ग्राम पंचायत के वार्ड क्रमांक में संपन्न हुई उपचुनाव में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता कुशल पटेल के पुत्र बबलू पटेल अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 57 मतों की अंतर से हराकर पंच पद पर निर्वाचित हुए। ग्राम पंचायत गिधपुरी के चुनाव प्रभारी मंडल मंत्री देवचरण यादव ने बताया कि सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से गिधपुरी की कठिन वार्ड में भाजपा को जबरदस्त जीत प्राप्त हुई है।

## खबर संक्षेप

### मिट्टी धंसने से दबकर ग्रामीण की मौत

**बिलासपुर।** कुंआ खोदाई के दौरान मिट्टी धसकने से ग्रामीण की दबकर मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रतनपुर थाना प्रभारी विष्णु यादव ने बताया कि बेलगहना नवारीबहरा निवासी श्याम सिंह पिता करण सिंह 38 साल अन्य ग्रामीणों के साथ मिलकर रतनपुर क्षेत्र के ग्राम पचरा में एक किसान के खेत में पिछले कुछ दिनों से कुंआ की खोदाई कर रहे थे। मंगलवार को श्याम सिंह 20 फीट नीचे उतरकर खोदाई कर रहा था। इसी दौरान उपर से मिट्टी धसककर उसके उपर गिर गया। जिससे दबकर उनकी मौत हो गई है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### युवक दुकान संचालक का मोबाइल लेकर भागा

**बिलासपुर।** ग्राहक बनकर आया युवक दुकान संचालक का मोबाइल लेकर भाग गया। पुलिस युवकों के तलाश में जुट गई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, गांधी चौक निवासी अविनाश चौधरी घर के नीचे इलेक्ट्रानिक दुकान चलाते है। 1 जून को शाम 7 बजे एक्टीवा से दो युवक आए। एक युवक उनके दुकान में आकर पंखा दिखाने कहा। पंखा दिखाने पर युवक घर में कलर पूछना है कहते हुए बात करने के लिए उनसे मोबाइल मांगा और अपने साथी के साथ भाग गया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### छात्रा से दैहिक शोषण शादी से किया इनकार

**बिलासपुर।** दो साल तक छात्रा से दैहिक शोषण करने के बाद शादी करने से इनकार करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार क्षेत्र की रहने वाली एक 23 वर्षीय छात्रा की स्कूल के समय से पंडरिया-तखतपुर निवासी गौरव पिता कन्हैया से जान पहचान थी। स्कूल की तरफ से अमरकंटक टूर में गए थे। वापस लौटने पर गौरव ने उनसे प्यार का इजहार किया। 25 जुलाई 2024 को पहली बार वह छात्रा को अपने गौरी गणेश कालोनी घर लेकर गया और शादी करने की बात कहते हुए शारीरीक संबंध बनाया। उसके बाद वह दो साल तक दैहिक शोषण करता रहा है। छात्रा ने शादी करने का दबाव बनाई तो वह अपने गांव लौट गया और टालमटोल करने लगा। पुलिस ने पीड़ित छात्रा की रिपोर्ट पर गौरव के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### आंबा सहायिका भर्ती के लिए आवेदन 5 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकण्डा के अंतर्गत ग्राम रामपुर के आंगनबाड़ी केंद्र रामपुर 1 में सहायिका के 1 रिक्त पद के लिए 5 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ई-भर्ती ऑनलाइन लिंक पर अनिवार्य दस्तावेजों की फाइल अपलोड कर आवेदन कर सकते हैं।

### उत्कर्ष योजना के तहत आवेदन 20 तक

**बिलासपुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को वर्ष 2026-27 में राज्य के उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश का अवसर मिलेगा। विद्यार्थी को अपने विद्यालय में 20 जून तक आवेदन जमा करना होगा। प्रवेश के लिए 26 जुलाई तक लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### चित्रकला, फैंसी ड्रेस स्पर्धा 5 को

**बिलासपुर।** पर्यावरण एवं पर्यटन विकास समिति द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून पर 'जलवायु परिवर्तन' विषय आधारित विविध कार्यक्रमों का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर, तिलक नगर सभागार में किया जाएगा। डॉ. विवेक तिवारी ने बताया कि यह आयोजन समिति के 22वें वर्ष के रूप में आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम में पर्यावरण विचार संगोष्ठी, चित्रकला प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, काव्य गोष्ठी एवं राज्य स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित होंगे। सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से होगी।

---

**प्रदेश में नहीं हटा है ट्रांसफर से प्रतिबंध** | समन्वय से, लेकिन इसमें भी अनुमोदन के बिना नहीं हो सकता ट्रांसफर

# सरकार के प्रतिबंध के बावजूद एसी ट्रायबल ने हॉस्टल अधीक्षिका का किया ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में शासकीय अधिकारी व कर्मचारियों के ट्रांसफर पर लगा प्रतिबंध अभी तक नहीं खुला है। अगर दो अधिकारियों में आपसी समन्वय है, तो भी सरकार के अनुमोदन के बगैर ट्रांसफर नहीं हो सकता। बावजूद इसके सहायक आयुक्त द्वारा बिलासपुर में पदस्थ महिला छात्रावास अधीक्षिका को स्थानांतरित कर कोटा भेज दिया गया है।

सरकार द्वारा ट्रांसफर पर लगाया गया प्रतिबंध इस साल फिलहाल नहीं खोला गया है। हर साल एक निश्चित समय पर एक निश्चित समयावधि के लिए ट्रांसफर पर बैन हटाया जाता है। इसके बाद भी जिले में ट्रायबल विभाग में ट्रांसफर का एक मामला सामने आया है। पोस्ट मेट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास कोटा में पदस्थ अधीक्षिका संगीता धीरही के 31 मई को सेवानिवृत्ति के बाद सहायक आयुक्त द्वारा पोस्ट मेट्रिक स्नातक आदिवासी आदिवासी कन्या छात्रावास में पदस्थ अधीक्षिका अन्नपूर्णा साहू को कार्य संपादन के नाम पर कोटा स्थानांतरित किया गया है। शासन स्तर से ही ट्रांसफर पर पूरी तरह प्रतिबंध होने के बाद भी आदिवासी विभाग में इस तरह अधीक्षिका के नियम विरूद्ध ट्रांसफर पर विभाग के ही कर्मचारयों व अधिकारियों में रोष है।

### कलेक्टर को क्यों नहीं दी गई प्रतिलिपि?

सहायक आयुक्त द्वारा जारी ट्रांसफर आदेश में आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग को प्रतिलिपि देना बताया गया है। इसी तरह अपने समस्त कार्यालयीन स्टाफ, सेवानिवृत्त होने वाली अधीक्षिका संगीता धीरही एवं ट्रांसफर पर कोटा भेजी गई अधीक्षिका अन्नपूर्णा साहू को प्रतिलिपि दी गई है। इसके विपरीत जिला कलेक्टर को किसी भी प्रकार की प्रतिलिपि नहीं दी गई है, जबकि ट्रायबल विभाग के हर आदेश पर 'कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विभाग' ही लिखा होता है।

### वैकल्पिक रूप से पदस्थ किया गया

पदस्थ छात्रावास अधीक्षिका के 31 मई को सेवानिवृत्त होने की स्थिति में वहां जाने की इच्छा रखने वालों की जानकारी लेकर अस्थायी तौर पर वैकल्पिक रूप में केवल वहां सुचारू रूप से कामकाज संचालित करने के उद्देश्य से एक महिला छात्रावास अधीक्षिका को पदस्थ किया गया है। इसे ट्रांसफर कहना सही नहीं होगा।

-**संजय चंदेल**, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग

### जानकारी नहीं है

मुझे फिलहाल ट्रायबल विभाग में किए गए ट्रांसफर के संबंध में जानकारी नहीं है। जानकारी ले लेता हूं।

-**संजय अग्रवाल**, कलेक्टर

## बिना अनुमति अनुपस्थित सहायक शिक्षक निलंबित

**बिलासपुर।** सुशासन तिहार में ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बिल्हा के ग्राम लिमतरी के शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक (एलबी) ओंकार सिंह श्याम के लगातार अनुपस्थित रहने के मामले में आखिरकार जिला शिक्षा अधिकारी को निलंबन की कार्रवाई करनी पड़ी।

शाला विकास समिति के अध्यक्ष विनोद कौशिक ने सुशासन तिहार में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि शिक्षक ओंकार सिंह श्याम बिना सूचना और बिना स्वीकृत अवकाश के विद्यालय से अनुपस्थित रहते हैं। शिकायत के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों में 30 मार्च 2026, 2 अप्रैल से 11 अप्रैल 2026 तथा 15 अप्रैल से 16 अप्रैल 2026 तक अनुपस्थिति का उल्लेख किया गया था। शिकायत सामने आने के बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिल्हा ने जांच कराई। आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर पहले वेतन रोका गया और बाद में जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर को कार्रवाई का प्रस्ताव भेजा गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक को निलंबित कर दिया है।

---

**स्थिति बदहाल:** अव्यवस्था के चलते नया बस स्टैंड जाने से कतराते हैं लोग

# हाईटेक बस स्टैंड का विस्तार सिर्फ कागजों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए गए नए हाईटेक बस टर्मिनल की हालत खराब है। इस बस स्टैंड को शहर की लाइफलाइन और यात्रियों के लिए सुगम केन्द्र बनना था, लेकिन आज ये कुप्रबंधन, गंदगी और असुरक्षा का पर्याय बन चुका है। तेज धूप और भीषण गर्मी ने हर रोज सैकड़ों यात्री हलाकान होते हैं। अव्यवस्था के चलते लोग नया बस स्टैंड जाने से कतराने लगे हैं।

बस स्टैंड पर यात्रियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां पीने का साफ पानी भी नहीं नसीब हो रहा है। गंदगी और बदबू से परिसर का हाल बेहाल है। सुसज्जित प्रतीक्षालय न होने से रात में यात्रियों का सामान भी चोरी हो रहा है। लापरवाही का आलम यह है कि बस स्टैंड आवारा कुत्तों का ठिकाना बन गया है। सर्विस स्टेशन के नाम पर जगह तो है, लेकिन सुविधा कुछ भी नहीं। कबाड़ बसों का सालों से अवैध कब्जा बना हुआ है। सुलभ शौचालय भी पे एंड यूज के माध्यम से चल रहे हैं। यात्रियों को पूछताछ के लिए एक भी कांउटर उपलब्ध नहीं है, इसके लिए हमेशा यात्रियों को भटकना पड़ता है।




**जहां पीने का पानी है वहीं गंदगी कर रहे लोग**

बस स्टैंड परिसर में जहां पीने के पानी का प्वाइंट है, वहीं लोग गंदगी कर रहे हैं। जहां पर वाटर कूलर होने की उम्मीद करते हैं, लोग वहां गंदगी और कचरा फैला रहे हैं। यात्रियों को इस गर्मी में एक बूंद शुद्ध पानी भी नसीब नहीं हो रहा है। गंदगी देखने के बाद यात्री बिना पानी भरे ही लौट रहे हैं। यात्रियों को मजबूरी में बोतल का पानी खरीदना पड़ता है। इतने बड़े बस स्टैंड पर एक भी वॉटर कूलर नहीं होने से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।





### एक भी प्रतीक्षालय नहीं सुरक्षा भगवान भरोसे

इतने बड़े बस स्टैंड में दूर दराज से आने वाले यात्रियों के लिए कोई भी सुरक्षित वेटिंग हॉल नहीं बनाया गया है। कुर्सियां सीमित होने से यात्री जमीन पर ही अपना चादर बिछाकर कर बैठने को मजबूर हैं। खुले में बैठने से रात को यात्रियों का सामान भी चोरी हो जाता है। रात के वक्त पुलिस की कोई गश्त नहीं होने से चोरों का हौसला भी बुलंद है। आए दिन यात्रियों का मोबाइल चोरी होने के मामले होते हैं।

### शिकायत कर थक गए बस संचालक

बस संचालक उत्सव जायसवाल का कहना है कि नगर निगम के अधिकारियों के कान पर जू भी नहीं रेगती, गंदगी और कुप्रबंधन से बस स्टैंड का हाल बेहाल है। कबाड़ बसों के कब्जों से यातायात प्रभावित होता है लेकिन नगर निगम का ध्यान नहीं जाता है।

### हटाई जाएंगी कबाड़ बसें

वाटर कूलर पूज्य सिंधी सेंटर पंचायत झूलेलाल मंगलम द्वारा दिया गया है उसको जल्द लगवा दिया जाएगा। स्थाई चौकी के लिए पुलिस विभाग से बात हुई है जल्द ही संभव होगा। कबाड़ बसों को हटवाने के लिए यातायात विभाग से बात हुई है। नवीकरण के लिए 40 से 42 लाख का एस्टीमेट भेजा गया है।

-**भूपेन्द्र उपाध्याय**, जोन कमिश्नर।

## मल्हार में खाद का अवैध भंडारण कलेक्टर के कोर्ट में चलेगा प्रकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खरीफ सीजन को देखते हुए जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग ने खाद की कालाबाजारी, अवैध भण्डारण और निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। उड़नदस्ता दल के द्वारा मल्हार और सेन्दरी में की गई कार्रवाई में बड़ी मात्रा में खाद जब्त कर कानूनी कार्रवाई की गई है। इन प्रकरणों में अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला दंडाधिकारी कोर्ट में प्रकरण प्रस्तुत किया गया है।

- अवैध भण्डारण पर कार्रवाई, गोदाम सील और खाद जब्त

किसानों को सही कीमत एवं उच्च गुणवत्ता वाले मानक खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। उड़नदस्ता दल के द्वारा मस्तूरी ब्लॉक के अंतर्गत मल्हार स्थित अग्रवाल खाद भण्डार की जांच के दौरान यूरिया, एनपीके और एसएसपी उर्वरकों का अवैध भण्डारण पाया गया। टीम ने उक्त अवैध भंडारित खाद को जब्त कर लिया है, तथा संबंधित प्रकरण में अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में मामला प्रस्तुत किया जा रहा है।

इसी प्रकार सेन्दरी स्थित मेसर्स बंसल फर्टिलाइजर में छिपाकर रखी गई खाद को उड़नदस्ता दल ने रात में छापेमार कार्रवाई कर बरामद किया। जांच के दौरान अवैध भण्डारण की पुष्टि होने पर खाद जब्त कर गोदाम को सील कर दिया गया। कृषि विभाग द्वारा जिलेभर में लगातार निगरानी रखी जा रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम तथा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### खाद बीज उपलब्ध

किसान केवल पंजीकृत सहकारी समितियों एवं लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही खाद और बीज खरीदें तथा खरीदारी की रसीद अवश्य लें। जिले में खाद और बीज की पर्याप्त उपलब्धता है तथा खाद की कमी संबंधी भ्रामक चर्चाओं पर ध्यान न दें।

-**पीडी हथेश्वर**, डीडीए बिलासपुर

---

## चार नकाबपोशों ने ड्राइवर से की मारपीट, लुटेरों का नहीं लगा सुराग

**मालिक से 10 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कराया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात 4 नकाबपोशों ने सकरी नेशनल हाइवे में हाइवा ड्राइवर के साथ जमकर मारपीट कर मालिक से 10 हजार रुपए आनलाइन ट्रांसफर कराया। उसके बाद ड्राइवर से चांदी की चेन, मोबाइल, पावर बैंक सहित अन्य सामान लूटकर भाग गए। पुलिस नकाबपोश लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है।



सकरी पुलिस के अनुसार, उसलापुर शिवनगर निवासी हमेश कुमार कोसले पिता भगतराम कोसले 1 जून की रात हाइवा क्रमांक सीजी 04 एलक्यू, 9405 में अपने दोस्त दीपक मानिकपुरी, दुर्गेश यादव के साथ दबेना सिल्ली लोड कराने जा रहे थे। सम्बलपुरी तालाब के पास जंगल से टार्च की रोशनी दिखाने पर उन्होंने गाड़ी रोक दी। जंगल से चार नकाबपोश बाहर निकले और उनके साथ गाली गलौज करने लगे। जवाब में उनके दोस्तों ने गाली गलौज की तो नकाबपोशों ने मारने के लिए दौड़ाया। दीपक मानिकपुरी, दुर्गेश यादव भाग गए। पैर फिसल जाने से हमेश कुमार गिर गए। चारों उन्हें पकड़कर जंगल के अंदर लेकर गए और लाठी से जमकर मारपीट कर गाड़ी मालिक को फोन लगाकर 10 हजार रुपए आनलाइन ट्रांसफर करा लिया, उसके बाद ड्राइवर से 6 तोला वजनी चांदी की चेन, मोबाइल, पावर बैंक, केबल, नेकबेड लूटकर भाग गए।

- सकरी नेशनल हाइवे में सम्बलपुरी के पास हुई वारदात
- आरोपियों ने लूटा मोबाइल, पावर बैंक

पुलिस ने हमेश कोसले की रिपोर्ट पर अज्ञात 4 लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 309, 6 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस दूसरे दिन भी लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### सिलेंडर का अवैध परिवहन पकड़ा गया आरोपी

**बिलासपुर।** सिलेंडर का अवैध परिवहन करने वालों के खिलाफ आरपीएफ की टीम आपरेशन संरक्षा के तहत अभियान चलाकर एक व्यक्ति को पकड़कर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पिछले कुछ दिनों से आरपीएफ की टीम लगातार सिलेंडर की कालाबाजारी रोकने के लिए ट्रेनों में सघन जांच कर रही है, जिसके तहत विशेष रूप से पेंट्रीकार सहित जनरल और स्लीपर कोच को भी चेक किया जा रहा है। इस जांच के दौरान आरपीएफ की टीम ने तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर, नागपुर में 150 से अधिक सिलेंडर का अवैध परिवहन करने वालों के खिलाफ मामला कायम कर सिलेंडर जब्त किया है। इसी तरह रेलवे सुरक्षा बल की टास्क टीम ने संयुक्त जांच अभियान चलाकर प्लेटफार्म नम्बर चार पर एक व्यक्ति को बोरी में छिपाकर गैस सिलेंडर ले जाते हुए पकड़ा। उक्त व्यक्ति गोंदिया रावणबाड़ी निवासी दिनेश रतनसिंह नैकावे मजदूरी का कार्य करता है, जिसने सिलेंडर को घरेलू उपयोग के लिए ले जाने की जानकारी आरपीएफ को दी। वैध कागजात नहीं होने के कारण आरपीएफ ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

## रात 2 बजे नशे में विवाद कर रहे दो युवक युवती को समझाने गए आरक्षकों पर बाइक चढ़ाने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रात 2 बजे मंगला चौक में दो युवक व एक युवती नशे में विवाद कर रहे थे। गश्त में तैनात दो आरक्षक समझाइश देने के गए तो युवक युवती ने आरक्षकों पर बाइक चढ़ाने की कोशिश की और स्टंट कर तेज रफ्तार से रफूचक्कर हो गए।

पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया कि एक जून की रात आरक्षक विकास श्रीवास, संतोष यादव मंगला चौक गश्त पर ड्यूटी कर रहे थे। रात 2 बजे बाइक क्रमांक सीजी 04 क्यूवी, 2788 में दो युवक एक युवती नशे में आए और चौक पर बाइक खड़ी कर आपस में विवाद करने लगे। काफी समय तक उन्हें विवाद करते देख दोनों आरक्षक उन्हें समझाइश देने गए तो युवक युवती बाइक में बैठकर तेज रफ्तार से आरक्षकों पर चढ़ाने की कोशिश करने लगे। आनन फानन में दोनों आरक्षक सड़क किनारे उतरे तो बाल बाल बच गए। उसके बाद तीनों खतरनाक तरीके से स्टंटबाजी करते हुए तेज रफ्तार से रफूचक्कर हो गए। आरक्षकों ने घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम व वरिष्ठ अधिकारियों को दी। शहर में नाबाबंदी कर बाइक सवार युवक युवती की तलाश की गई, किन्तु बाइक सवार नहीं मिले।

- स्टंट करते हुए तेज रफ्तार से भाग गए बाइक सवार

पुलिस ने आरक्षक विकास श्रीवास की रिपोर्ट पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 184, 189 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### महिला से 17 लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर महिला से 17 लाख 21 हजार रुपए ठगी के मामले में पुलिस ने मुख्य सरगना को गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी।

रेंज साइबर थाना से मिली जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन नर्मदा नगर निवासी एक महिला से शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का झांसा देकर 17 लाख, 21 हजार 100 रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई थी। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी भिलाई खुर्सीपार शिवाजी नगर निवासी रजत तोमर पिता दिनेश तोमर 32 साल को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड, पासबुक, मोबाइल, सिम कार्ड बरामद किया गया है। इसके पूर्व में पुलिस ने 4 म्यूल बैंक खाता धारकों को गिरफ्तार किया था।

### पुलिस को देखकर भागा तस्कर चार किलो गांजा, बाइक जब्त

**बिलासपुर।** पुलिस की गाड़ी को देखकर तस्कर भाग गया। पुलिस ने 4 किलो गांजा सहित बाइक जब्त कर लिया है। पुलिस तस्कर की पतासाजी में लगी हुई है। सिरगिट्टी टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, मुखबिर से सूचना मिली तिफरा विष्णु चौक में एक बाइक सवार गांजा रखकर ग्राहक के आने का इंतजार कर रहा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पुलिस गाड़ी को देखकर तस्कर बाइक व बेग छोड़कर भाग गया। बैग की तलाशी लेने पर 4 किलो गांजा मिला। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा व बाइक जब्त कर तस्कर के पतासाजी में जुट गई है।

## एक दिन के अभियान में 201 वारंटी, 21 फरार आरोपी पकड़े गए

**बिलासपुर।** पुलिस ने एक दिन के अभियान में 201 वारंटी व 21 फरार आरोपियों को पकड़कर कोर्ट में पेश किया है। पुलिस की कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटेल ने बताया, एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर पुलिस अधिकारियों द्वारा पुलिसकर्मियों की अलग अलग टीम बनाकर जिले भर में अभियान चलाया गया। एक दिन के अभियान में पुलिस ने 77 गिरफ्तारी वारंटी, 85 जमानती वारंटी, 39 स्थाई वारंटी, 21 फरार आरोपी, 163 समंस तामिली व 104 गुण्डा बदमाशों की जांच कर अपराध नहीं करने की समझाइश दी। वहीं वारंटी व फरार आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। उक्त कार्रवाई से न्यायालयीन आदेशों के पालन की प्रभावशीलता में वृद्धि हुई है और जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायता मिली है। इस प्रकार की विशेष कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाएगी।



पुलिस के हत्थे चढ़े फरार आरोपी।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152